भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 327 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  रविवार 12 दिसम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## राष्ट्रपति कोविंद बोले भारत की टीकाकरण नीति ने लाखों जिंदगियां बचाईं, मानवाधिकारों की आत्मा है समानता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि भारत ने कोविड-19 रोधी टीकों की मुफ्त और सर्वत्र उपलब्धता की नीति को अपना कर लाखों लोगों की जान बचाने में सफलता पाई है। उन्होंने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। राष्ट्रपति ने कहा कि मानवता इतिहास की सबसे भीषण महामारी से जूझ रही है। उन्होंने कहा, 'यह महामारी अभी भी समाप्त नहीं हुई है और ऐसा लगता है कि वायरस मानव जाति से एक कदम आगे है। ऐसे समय में दुनिया ने अभी तक अपनी प्रतिक्रिया विज्ञान और वैश्विक भागीदारी में भरोसा जता कर दी है।' राष्ट्रपति ने कहा कि यद्यपि इस महामारी ने पूरी दूनिया में मानवता को प्रभावित किया है, यह भी देखा गया है कि कमजोर वर्गों पर इसका असमान रूप से विनाशकारी असर पड़ता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, 'इस परिदृश्य में चुनौतियों के बावजूद भारत ने लाखों लोगों की जान बचाने में सफलता प्राप्त की है। हमने ऐसा कोरोना टीके की मुफ्त और सर्वत्र उपलब्धता सुनिश्चित करने वाली एक नीति अपना कर किया। इतिहास के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का संचालन करने के साथ भारत सरकार लगभग एक अरब लोगों को वायरस के खिलाफ सुरक्षा उपलब्ध कराने में सफलता हासिल की है। उन्होंने लोगों के जीवन के अधिकार और स्वास्थ्य के अधिकार की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और अन्य सभी कोरोना योद्धाओं की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा, 'कुछ सबसे कठिन समय के दौरान सरकार के संस्थानों ने ऐसी स्थिति का जवाब देने में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया जिसको लेकर किसी भी मात्रा में तैयारी पर्याप्त नहीं साबित हो सकती थी। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि इस साल मानवाधिकार दिवस का विषय समानता रखा गया है और समानता ही मानवाधिकारों की आत्मा है।

# जब सोच ईमानदार होती है, तो काम भी दमदार होता है : पीएम मोदी

### सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना को किया उद्घाटन




**बलरापुर।** मोदी ने कहा कि आज से करीब 50 वर्ष पहले सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना पर कार्य शुरू हुआ था। जब इस परियोजना पर कार्य शुरू हुआ था, तब इसकी लागत 100 करोड़ रुपये से भी कम थी। आज यह लगभग 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद परियोजना पूरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलरामपुर में 9,800 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के शुरूआत हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गए जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित 13 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा को बढ़ाने का काम, बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम, देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान, तीनों सेनाओं में तालमेल बेहतर करने का काम, ऐसे अनेक काम तेजी से आगे बढ़ता रहेगा।

उन्होंने कहा कि यूपी,देवरिया के रहने वाले ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर जी-जान से लगे हुए हैं। मैं मां पाटेश्वरी से उनके जीवन की रक्षा की प्रार्थना करता हूं। देश आज वरुण सिंह के परिवार के साथ है, जिन वीरों को हमने खोया है, उनके परिवारों के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नदियों के जल के सदुपयोग हो, किसानों के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचे, ये सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का पूरा होना इस बात का सबूत है कि जब सोच ईमानदार होती है, तो काम भी दमदार होता है। मोदी ने कहा कि आज से करीब 50 वर्ष पहले सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना पर कार्य शुरू हुआ था। जब इस परियोजना पर कार्य शुरू हुआ था, तब इसकी लागत 100 करोड़ रुपये से भी कम थी। आज यह लगभग 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद परियोजना पूरी हुई है। सरयू नहर परियोजना में जितना काम 5 दशक में हो पाया था, उससे ज्यादा काम हमने 5 साल से पहले करके दिखाया है। यही डबल इंजन की सरकार है। यही डबल इंजन की सरकार के काम की रफ्तार है। मोदी ने कहा कि जब मैं आज दिल्ली से चला तो सुबह से इंतजार कर रहा था कि कब कोई आएगा।

## राम मंदिर का निर्माण योगी ने कराकर रामभक्त होने का प्रमाण प्रस्तुत कियाः प्रवीण तोगड़िया



**रायनगर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का शनिवार को फतेहपुर आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीएम की कुर्सी पर कोई राम या हनुमान भक्त ही बैठेगा। उन्होंने योगी आदित्यनाथ को राम और अखिलेश यादव को हनुमान भक्त की संज्ञा दी। हिंदू रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम के तहत शनिवार को खुशवक्त रायनगर स्थित हिंदू नेता गोरे दुबे के आवास पर तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण योगी ने कराकर रामभक्त होने का प्रमाण प्रस्तुत किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पिता मुलायम सिंह कुश्ती कला में माहिर हैं। इस पेशे से जुड़ा व्यक्ति हनुमान भक्त होता है। बार-बार राजनीतिक सवाल पूछने से मना करने के बावजूद उन्होंने विधानसभा चुनाव का मुकाबला भाजपा और सपा के मध्य होने के संकेत दिए।

उन्होंने कहा कि हिंदुओं की जनसंख्या दिन प्रतिदिन घट रही है। आंकड़ें बता रहे हैं कि प्रत्येक हिंदू औसतन दो से कम बच्चे पैदा करता है, जबकि प्रत्येक मुस्लिम का दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने का औसत है। यही आंकड़ा रहा तो आने वाले 50 साल में हिंदुओं की संख्या घटकर सिर्फ 48 करोड़ रह जाएगी। जबकि वर्तमान में यह संख्या 140 करोड़ है। आने वाले समय में यह आंकड़ा मुस्लिम आबादी का होगा। उन्होंने तय मानक से अधिक बच्चे पैदा करने वालों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित करने का कानून बनाने की मांग की। कहा कि मोदी सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए हैं। अब न्यूनतम एमएसपी का कानून बनाने की भी जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुराने संबंधों की भी याद ताजा की। उन्होंने पूरी वार्ता के दौरान किसी पार्टी विशेष

### गोवा में बड़ा चुनावी वादा

## सत्ता में आए तो हर महीने महिलाओं को 5 हजार रुपए देंगे, ममता की पार्टी

**पणजी।** तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को गोवा में महिलाओं के लिए डायरेक्ट कैश ट्रांसफर योजना का वादा किया और कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी अगर सत्ता में आती है तो इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके तहत महिलाओं को पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने बताया



कि इस योजना का नाम 'गृह लक्ष्मी' रख गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर की एक महिला को हर महीने 5 हजार रुपए सीधे उनके खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे ताकि महंगाई से निपटने में उन्हें मदद मिले। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी जल्दी ही योजना के लाभुकों के बीच कार्ड का वितरण शुरू करेगी। इस कार्ड में एक पहचान संख्या होगी और तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद इसका कार्यान्वयन शुरू हो जाएगा। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली पार्टी ने घोषणा की है कि यह प्रदेश में सभी 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तृणमूल कांग्रेस की गोवा की सह प्रभारी महुआ ने कहा, "प्रदेश के साढे तीन लाख घरों की महिलाओं को गृहलक्ष्मी योजना में शामिल किया जाएगा और अधिकतम आय की व्यवस्था इस योजना पर लागू नहीं होगी जो भाजपा सरकार की मौजूदा गृह आधार योजना में शामिल है। मोइत्रा कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा योजना के तहत गोवा में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है और इसमें केवल डेढ़ लाख घरों को कवर किया गया है।

## अनुप्रिया पटेल भी सपा के साथ करेंगी गठबंधन? अखिलेश बोले-पहले मंत्री पद छोड़ें, तब देखेंगे



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ ही जहां वार पलटवार तेज हो रहे हैं, वहीं गठबंधनों को लेकर भी जोर आजमाइश हो रही है। अभी तक सबसे ज्यादा दलों का गठबंधन समाजवादी पार्टी के साथ हो चुका है। अखिलेश ने अपना दल कृष्णा गुट के साथ गठबंधन किया है। अनुप्रिया पटेल वाले अपना दल से गठबंधन की चर्चा भी तैर रही हैं। इसी को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा कि पहले वह केंद्रीय मंत्री पद छोड़ें तब देखेंगे। अनुप्रिया पटेल फिलहाल मोदी सरकार में राज्यमंत्री हैं। 2014 में सांसद बनने के बाद उन्हें मंत्री बनाया गया था।

2017 में अनुप्रिया पटेल ने भाजपा के साथ गठबंधन कर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 2019 में भी वह भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव में उतरीं और मिर्जापुर से जीत भी हासिल की लेकिन मंत्री नहीं बनाई गईं। कुछ समय पहले ही अनुप्रिया पटेल को दोबारा मंत्री बनाया गया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महिलाओं के मान और सम्मान के लिए सपा सरकार ने काफी काम किया। हमने 500 रुपए वृद्धावस्था पेंशन दी। उन्होंने कहा कि भाजपा तो सिर्फ फीता काटना जानती है। साल 22 आने वाला है और भाजपा किसान की आय दोगुनी करने का वायदा पूरा नहीं कर पाई। अखिलेश ने कहा है कि सरकार बनने पर महिला पेंशन की धनराशि दुगनी या तिगुनी बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव देखते हुए मार्च तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की है, लेकिन अगर समाजवादी सरकार आई तो हम गरीबों को समाजवादी फूड पैकेट देने की योजना लागू करेंगे। जनता अब ने मन बना लिया है उन्हें अब योगी सरकार नहीं योग्य सरकार चाहिए। अखिलेश यादव ने भाजपा के ह्यफर्क साफ है अभियानह्व पर तंज करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने युवाओं को लैपटॉप दिए और भाजपा ने उन पर लाठीचार्ज किया।

## खोल दूंगा सबकी पोल, तेज की धमकी पर साधु का पलटवार, कहा- मुंह पर कंट्रोल नहीं रखा तो बहुत बुरा होगा अंजाम; लालू पर 'अहसान' गिनाए

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की रेचल से शादी से नाराज होकर टिप्पणी करने वाले मामा साधु यादव को तेजस्वी के बड़े भाई तेजप्रताप ने जमकर खरीखोटी सुनाई है। साधु यादव ने भी तेजप्रताप



समेत लालू परिवार पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर बोलने पर कंट्रोल नहीं रखा तो अंजाम बहुत बुरा होगा। साधु यादव ने शनिवार को एएनआई के साथ बातचीत के दौरान कहा कि इन लोगों को जहां भी शादी करनी हो करे, मुझे कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन अपनी गलती दूसरों पर मढ़ना छोड़ दे। साधु यादव ने लालू परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10-12 सालों से इन लोगों ने मुझे मानसिक तौर पर काफी प्रताड़ित किया है। जबकि इनकी काली करतूतों को सारा देश जानता है। बता दें कि तेजप्रताप यादव ने शनिवार को अपने ट्वीट में साधु यादव का नाम नहीं लिया है, लेकिन दी गई चेतावनी का इशारा मामा साधु यादव की ओर ही है। तेजप्रताप ने अपने ट्वीट में भोजपुरी में लिखा है -हम बिहार आ रहे हैं, सबक सिखा देंगे ह्व उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर आप बड़े -बुजुर्ग हैं तो अपनी मयार्दा में रहें।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन : मंच से गरजे जेपी नड्डा, सपा पर साधा निशाना, बोले- वे दंगा तंत्र के पुजारी

**मेरठ।** पश्चिम के 14 जिलों के 30 हजार बूथ अध्यक्षों को आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जीत का मंत्र देने पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बूथ सम्मेलन में कहा कि बूथ से ही जीत हासिल करनी है, राष्ट्र विरोधी ताकतों को मजबूत नहीं होने देना। सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन कराने वाले 22 हजार बूथ अद्ययस से उन्होंने कहा कि योगी सरकार दोबारा आये, इसका जिम्मा आप पर है। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये नही सपा नहीं है, वही पुरानी सपा है। याद करो इनके कार्यकाल में 700 दंगे हुए। 112 लोग मारे गए। मुजफ्फरनगर के दंगे में सचिन और गौरव को मार दिया गया और इन्होंने आरोपियों को छुड़वा दिया। जेपी नड्डा ने मंच से पलायन के मुददे को भी उठाते हुए सपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पहले यूपी में 700 से ज्यादा दंगे हुए थे जिनमें 1200 लोग मारे गए थे। ये कोई भूल नहीं सकता है कि ये सब अखिलेश सरकार में हुआ था। ये नई नहीं, ये वही सपा



है। ये वही सपा नेता हैं जो आतंकवादियों को छुड़वाने के लिए कोर्ट पहुंच गए थे। लेकिन बाद में कोर्ट ने फटकार लगाई थी। आपको आश्चर्य होगा कि उनमें से 4 आतंकियों को फांसी और बाकियों को उम्रकैद की सजा हुई थी। सपा के नेता अपना पुराना चेहरा ढक कर नए चेहरे के रूप में आना चाहते हैं, लेकिन ये समझना होगा कि ये नई सपा नहीं है, ये वही सपा है।

बसपा सरकार में 20 चीनी मिलें बंद हुईं। सपा में 11 चीनी मिलें बंद हुई थीं। योगी जी ने बंद चीनी मिलों को खोलने का काम किया हैं। आज प्रदेश में योगी सरकार ने गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान किया है। गन्ना हमारा है और जिन्ना उनका है। हम गन्ना पर चुनाव लड़कर जीतेंगे और हम जिन्ना मानसिकता का भी पदार्फाश करेंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट में कहा गया था कि लागत का डेढ़ गुना किसानों को मिलना चाहिए, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने ऐसा नहीं किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने का काम किया पहले यूरिया लेने के लिए किसानों पर लाठी चार्ज होता था फिर भी उन्हें यूरिया नहीं मिलता था। आज यूरिया को नीम कोटेट करने का काम प्रधानमंत्री जी ने किया ताकि यूरिया की कालाबाजारी न हो सके और किसानों को आसानी से मिल सके।

# अमित शाह बोलेः हिंदुओं की आस्था के केंद्रों को कई सालों तक किया गया अपमानित, मोदी सरकार वापस लाई गौरव

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि कई वर्षों तक हिंदू समुदाय के आस्था के केंद्रों को अपमानित किया गया और अब मोदी सरकार में इनके गौरव तो वापस लाने की पहल हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हिंदू समुदाय की आस्था के केंद्रों को कई सालों तक अपमानित किया गया और 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने तक किसी ने भी उनके गौरव को वापस लाने की परवाह नहीं की थी। लेकिन मोदी सरकार ऐसी जगरों के नवीनीकरण के लिए अब काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोग मंदिरों में जाने से कतराते थे, लेकिन मोदी सरकार के साथ एक नए युग की शुरूआत हुई है।




अमित शाह अहमदाबाद में कदवा पाटीदार संप्रदाय की देवी मां उमिया को समर्पित उमियाधाम मंदिर के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। यहां 74 हजार वर्ग गज जमीन पर 1500 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर व अन्य भवन बन रहे हैं। उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कई वर्षों तक हिंदू समुदाय के आस्था के केंद्रों को अपमानित किया गया और मोदी के पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आने तक किसी ने भी गौरव वापस लाने की पहल नहीं की।

शाह ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर परियोजना और मिजार्पुर में 150 करोड़ रुपये की विंध्याचल कॉरिडोर परियोजना (वीसीपी) का भी जिक्र किया। शाह ने कहा कि आज जब एक भव्य मंदिर का शिलान्यास आर्य समाज (गुजरात के राज्यपाल) आचार्य देवव्रत द्वारा किया जा रहा है, मैं यह कहना चाहूंगा कि मोदीजी ने हमारे भूले-बिसरे केंद्रों के जीर्णोद्धार के लिए निडरता और विश्वास व सम्मान के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया और केदारनाथ मंदिर में करोड़ों हिंदुओं के विश्वास के केंद्र को पुनर्जीवित किया, जब यह क्षेत्र 2013 में अचानक आई बाढ़ से तबाह हो गया था। उन्होंने कहा कि हम 13 दिसंबर को नरेंद्रभाई के हाथों काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार देखेंगे जो औरंगजेब के काल में नष्ट हो गया था।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओः राहुल गांधी का हमला, कहा-भाजपा का असली नारा है 'छवि बचाओ, फोटो छपाओ'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को एक संसदीय पैनल पर केंद्र पर कटाक्ष किया जिसमें सुझाव दिया गया था कि सरकार को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत विज्ञापनों पर होने वाले खर्च पर पुनर्विचार करना चाहिए। राहुल ने कहा कि भाजपा का असली नारा है ₹छवि बचाओ, फोटो छपाओ₹। महिला अधिकारिता संबंधी संसदीय समिति ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत राज्यों द्वारा धन के खराब उपयोग को हरी झंडी दिखाई है और सुझाव दिया है कि सरकार को योजना के विज्ञापन के बजाय शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। संसद में पेश की गई पैनल की रिपोर्ट पर एक मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए राहुल गांधी ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, भाजपा का असली नारा - छवि बचाओ, फोटो छपाओ। समिति ने पाया कि 2016-2019 की अवधि के दौरान जारी किए गए कुल 446.72 करोड़ रुपये में से 78.91 प्रतिशत केवल मीडिया वकालत पर खर्च किया गया था। हालांकि समिति लोगों के बीच 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संदेश को फैलाने के लिए मीडिया अभियान चलाने की आवश्यकता को समझती है, लेकिन उन्हें लगता है कि योजना के उद्देश्यों को संतुलित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# सामूहिक विवाह समारोह : एक ही मंडप के नीचे लिए सात फेरे

## विवाह योजना से भर गई गरीबों की झोली : अजय, माता-पिता संग जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद





मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाह मंडप में सामूहिक जोड़े व नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते मुख्य अतिथि व अन्य

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** महंगाई के जमाने में अपने पाल्यों का विवाह करवा पाने में अक्षम लोगों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना किसी संकटहरणी योजना की तरह कार्य कर रही है।

शनिवार को पूरे जनपद में एक साथ 1500 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया जा रहा है। यह बातें बारा विधायक डा. अजय कुमार ने कही। वह यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़, जसरा, कौंधियारा, नगर पंचायत शंकरगढ़ सहित अन्य स्थानों पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। विकास खंड शंकरगढ़ में आयोजित समारोह में सभी जोड़ों को सुखद जीवन का आशीर्वाद दिया। कहा कि मोदी और योगी की अगुवाई में सरकारी योजनाओं का लाभ जिस तरह से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है, आने वाले समय हर किसी की जरूरत पूरी हो जाएगी। कोई भी आदमी, अपनी पात्रता वाली योजना से वंचित नहीं रह पाएगा। विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में 82 जोड़ों ने सात फेरे लिए। बारा विधायक ने सभी को आशीर्वाद देने के साथ-साथ सकुशल आयोजन के लिए प्रशासन की तारीफ भी की। इस मौके पर बीडीओ अमित मिश्र, सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, एडीओ (पंचायत) रवींद्रनाथ कुशवाहा, सचिव राजेंद्र कुमार मौर्य, प्रेमचंद्र, शशिकांत सिंह पटेल, आशीष कुमार, गौरीशंकर, प्रधान शैलेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, परमेश्वर सिंह, कामता सिंह, कुलदीप पाठक आदि मौजूद रहे।

## एक तरफ मंत्रोच्चारण तो दूसरी तरफ निकाह


**शंकरगढ़।** दूसरी तरफ नगर पंचायत शंकरगढ़ में 21 जोड़ों का विवाह करवाया गया, जिसमें 15 जोड़े नगर पंचायत शंकरगढ़ के और छह जोड़े सिरसा नगर पंचायत से आए थे। 21 जोड़ों में एक जोड़े की शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से करवाई गई। एक तरफ पुरोहित ने मंत्रोच्चारण किया तो दूसरी तरफ मौलवी ने निकाह पढ़वाया। यहां भी बारा विधायक ने विवाहित युगल को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर चेयरमैन लल्लू कनौजिया, ईओ सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया, समाजसेवी गोपालदास गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, सुरेश कुमार केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, लिपिक प्रदीप कुमार, अमित कुमार, मनीष, शिवयश पांडेय, अवधेश तिवारी, रामानंद तिवारी, रामसफल ओझा, मोहन यादव, दीप नारायण शास्त्री, विजयराज सिंह, मुन्ना शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, जय केसरवानी, रतन केसरवानी, अनुज गुप्ता, बल्लू केसरवानी, मंशालाल, उमा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं। सीएम शादी अनुदान के तहत सभी कन्याओं के खाते में 35 हजार रुपये हस्तांतरित किया गया। इसके 10 हजार रुपये का सामान और 6000 रुपया व्यवस्था में दिया गया।

## कोरांव में 74 जोड़ों ने लिए सात फेरे

### कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं : राजमणि कोल



**कोरांव।** गरीब बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान साबित हो रही है। प्रदेश के विभिन्न ब्लाकों में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह अनेकता में एकता देश की विशेषता को परिलक्षित कर रहे हैं। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने विकासखंड मुख्यालय कोरांव पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार अनेकों योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्हीं योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है जिसके जरिए प्रदेश एवं देश की गरीब बेटियों की सरकार खुद शादी करा रही है। विधायक ने वैवाहिक बंधन में बंध चुके 74 वर वधुओं को सदैव चिरंजीवी व खुशहाल रहने का आशीर्वाद दिया। कोरांव में सामूहिक विवाह में मुस्लिम परिवार की एक जोड़ी शादी आकर्षण का केंद्र बनी रही। जहां मौलवियों के द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन में निकाह कराया गया। ब्लाक परिसर कोरांव में सामूहिक विवाह के भव्य व दिब्य आयोजन के लिए विधायक राजमणि कोल ने खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार की सराहना की। ज्ञातव्य हो कि विकासखंड कोरांव के 70 जोड़े विभिन्न गांवों से रहे वहीं नगर पंचायत कोरांव के 4 जोड़ों ने एक साथ सामूहिक विवाह के बंधन में बंध कर साथ निभाने की कसमें खाई। विवाह के भब्य व दिब्य आयोजन में प्रधान संघ कोरांव की ओर से सभी वर वधुओं को उपहार स्वरूप एक एक साड़ी भी दी गई। सामूहिक विवाह के आयोजन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भलुहा राजू सिंह सहित कई ग्राम प्रधानों ने पांव पखारी की रस्म अदायगी कर जाति पांति एवं ऊंच-नीच के भेदभाव को खत्म करने का आह्वान किया। सामूहिक विवाह में आचार्य पंडित राजेश द्विवेदी सहित दर्जनों पुरोहितों ने विवाह संपन्न कराया। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी और ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने ब्लाक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी नव दांपत्य बंधन में बंध चुके जोड़ों को आशीर्वाद दिया। खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं वैवाहिक बंधन में बंध चुके सभी जोड़ों के प्रति आभार जताते हुए खुशहाल जीवन व्यतीत करने की कामना की। सामूहिक विवाह के आयोजन में अधिशासी अधिकारी नगर निकाय कोरांव,त्रिभुवन नारायण मिश्र, बबुआन द्विवेदी, घनश्याम स्वर्णकार, सीताराम सिंह, संतरा देवी निषाद, प्रधान संघ कोरांव के अध्यक्ष रामानुज यादव, प्रधान प्रतिनिधि बाबा सिंह, बार एसोसिएशन कोरांव के महामंत्री प्रशांत पांडेय, मुन्ना मिश्रा एडवोकेट, प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम तिवारी सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित वर बधुओं के परिजन मौजूद रहे।

नववाहित जोड़े को शादी सम्पन्न होने पर आशीर्वाद देते मुख्यअतिथ व शादी का प्रमाण पत्र सौंपते ।

## जसरा सामूहिक विवाह में 47 जोड़ों ने लिये सात फेरे

**जसरा।** प्रदेश सरकार गांव में गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की मदद करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन करते हुए वर वधू को एक छत के नीचे सामूहिक विवाह कराने का फैसला लिया है। उक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बारा डा०अजय कुमार ने शनिवार को श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में आयोजित विवाह समारोह में कही। विकास खंड जसरा में 47 जोड़ा वर वधू ने मंडप में सात फेरे लेकर एक दूसरे के साथ जीने मरने की अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए। विधायक बारा डा०अजय कुमार ने वर वधू को स्नेहिल आशीर्वाद दिया। दर्जा प्राप्त मंत्री रामनरेश पासवान व ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने वर वधू को विवाह प्रमाण पत्र देकर विदा किया। मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना का जसरा में 50 लोगों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त व संचालन नोडल अधिकारी/ एडीओ आईएसबी जीतेन्द्र गौड़ ने किया। विवाह समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती,खंड विकास अधिकारी जसरा हरिओम गुप्ता,जिलामहामंत्री संतोष त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह पटेल,रामानंद त्रिपाठी, मोहन यादव,शिवयश पांडेय, एडीओपी श्यामलाल तिवारी, एडीओसी राकेश सिंह,एडीओ सांख्यिकी दिनेश सिंह, मनोज प्रजापति, अमित शुक्ल,रामलाल, प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, लल्लू सिंह, आशीष सोनकर,बृजेश सोनकर,बृजेश बिंद, थानाध्यक्ष घूरपुर अमित कुमार राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मुख्य अतिथि विधायक बारा डा. अजय कुमार ने वर वधू को दिया आशीर्वाद

#### कांटी गांव के दो जोड़ों को लौटाया

जसरा के ग्राम पंचायत कांटी की दो लड़कियों को मंडप में बैठने नहीं दिया गया। एडीओ पंचायत जसरा श्यामलाल तिवारी ने बताया कि कांटी गांव के ही गुड़िया बिंद को उस समय बैरंग वापस किया गया जब मंडप में वर वधू सात फेरे ले रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि गुड़िया बिंद के दो बच्चे हैं वहीं आरती बिंद को भी मंडप के बाहर निकल दिया गया।

#### बैंड बाजा रहा बजता

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जसरा में सुबह 11 बजे से सायं चार बजे तक बैंडबाजा बजता रहा और महिलाएं थिरकती रहीं।

## करछना में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 61 जोड़े हुए एक दूजे के




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में मंडप में बैठे नवविवाहित जोड़ा व मंचासीन समारोह में आये मुख्य अतिथ व गणमान्य

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत करछना एवं मांडा ब्लॉक से एक साथ कुल 61 कन्याओ की शादिया हुई जिसमे 27 जोडे करछना के और मांडा ब्लाक के 34 जोडे. परिणय सूत्र बधे और उनके परिजन भी मौजूद रहे। इसके पूर्व अतिथियो ने दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किय। खंड विकास अधिकारी राम विलास राय व समाज कल्याण विभाग करछना विजय शंकर यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत करछना ब्लॉक के गांवो से कुल 27 नवविवाहित जोडो का सामूहिक विवाह बडे धूमधाम के साथ हुआ जिसमे मांडा के 34 जोडे शामिल रहे। विवाह के उपरांत उन्हे उपहार भी दिए गये साथ ही मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी,पूर्व प्रमुख विजयराज सिह,भाजपा नेता पीयूष रंजन निषाद,त्रिवेणी पाण्डेय,ज्ञान सिह पटेल खण्ड विकास अधिकारी मांडा आदि ने नव विवाहित जोडो को उपस्थित सभी सभी गणमान्य लोगो ने सुखमय दापत्ति जीवन के लिए शुभाशीष दिए।बीडीओ करछना ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। ।सचालन एडीओ विवेक कुमार मिश्र और अल्प नारायण सिह ने किया।इस मौके पर पंचायत सचिव संजीव श्रीवास्तव,राम सकल,महेश कुमार,आईएसबी रामेश्वर सिंह, समाज कल्याण विभाग अधिकारी विजय शंकर यादव ,मनीष शुक्ला,सजय यादव,अरविद बारी,समर बहादुर आदि ब्लॉक कर्मी सामूहिक विवाह मे अपना सहयोग दिया।




बालिकाओं को स्वस्थ्य रहनें की सलाह देतीं डा. मनीषा

## किशोरावस्था में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें: डॉ मनीषा

अखंड भारत संदेस

**करछना।** किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तन के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना बहुत जरूरी है।खास तौर से ग्रामीण परिवेश में बालिकाओं द्वारा इस उम्र में स्वास्थ्य के प्रति सचेत न रहना और संकोच के चलते कई रोग और समस्याओं को छुपाने से आगे गंभीर स्थिति पैदा हो जाती हैं। इसके प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। यह बातें शुक्रवार को रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के श्री नारायण सभागार में मिशन पिंक हेल्थ द्वाराआयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनीषा गुप्ता ने कही। संयोजिका एवं प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.व्यंजना पाण्डेय ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चियों में होने वाले शारीरिक परिवर्तन के दौरान आयरन, कैल्शियम और कई विटामिन्स के अभाव में छोटे-छोटे रोग पैदा हो जाते हैं। जिसके लिए दिनचर्या और खान-पान पर विशेष ध्यान देते हुए कुशल चिकित्सकों से परामर्श लेना जरूरी है। डॉक्टर नीरू साहू और डॉक्टर मोना दुबे ने भी सभागार में मौजूद छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति कई टिप्स देते हुए किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तन और रोगों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर छात्राओं के हीमोग्लोबिन, स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत आयरन और कैल्शियम से संबंधित दवाएं भी वितरित की गई। शिविर का संचालन मोहिनी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉक्टर आलोक राय ,रविन्द्र तिवारी अखिलेश शुक्ल समेत कई स्वास्थ्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।



## रेलवे क्रासिंग के समीप मिला महिला का शव

**करछना।** शनिवार दोपहर बाद क्षेत्र के पचदेवरा रेलवे क्रासिग के समीप एक वृद्द महिला का शव मिलने से हडकप मच गया।विगत कई दिनो मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला टहल रही थी अचानक उसकी मौत हो गई।आस पास के लोग इसकी सूचना करछना थाने मे दी मौके पर पहुची पुलिस ने लोगो से शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) प्रयागराज का जिला सम्मेलन 21 को

अखंड भारत संदेस

**करछना।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट प्रयागराज का जिला सम्मेलन आगामी 21 दिसम्बर को सरदार पटेल सेवा संस्थान किसान भवन सभागार अलोपीबाग में आयोजित किया गया है। सम्मेलन के संयोजक, संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य मा. लाल बिहारी यादव एवं विशिष्ठ अतिथि माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के पूर्व निदेशक, विधान परिषद सदस्य मा. वासुदेव यादव के साथ पूर्व सांसद फूलपुर श्री धर्मराज पटेल, समाजवादी पार्टी के कर्मठ जिलाध्यक्ष श्री योगेश यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री हेमन्त कुमार ह्यटुन्नूल्ह होंगे। प्रमुख रूप से डॉ रामगोविन्द प्रजापति, श्री बेचन सिंह पटेल, श्री इफ्तिखार हुसैन महानगर अध्यक्ष सपा के साथ शिक्षा जगत की प्रमुख हस्तियां शिरकत करेंगी। सम्मेलन में प्रमुख रूप से माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के प्रति दोहरी नीति एवं उनके साथ हो रहे सौतेले व्यवहार पर खुली चर्चा होगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वित्तविहीन विद्यालयों की सेवा नियामावली के साथ सम्मानजनक मानदेय, पुरानी पेंशन बहाली, मान्यता की कुसंगत धारा 7(क)क को सुसंगत धारा 7(4) में परिवर्तन, तथा मदरसा शिक्षकों के रुके हुए वेतन भुगतान पर मंथन होगा। जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से कोविड नियमों का पालन करते हुए भारी से भारी संख्या में निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

# न्यूज झरोखा

## एसडीएफ टैलेंट सम्मान प्रतियोगिता में हुई छात्रों की दिमागी परख



**मेजा रोड।** शनिवार को क्षेत्र के आरटी कोचिंग सेंटर कैम्पस मेजारोड में आयोजित एसडीएफ टैलेंट सम्मान प्रतियोगिता में अव्वल आये छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अमरेश तिवारी, आरटी कोचिंग के डायरेक्टर रत्नाकर तिवारी (राजू सर) एसडीएफ टैलेंट प्रतियोगिता के संचालक एपी सिंह (अनुज सर) जो कि एसीआरसी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर हैं उपस्थित रहे। टैलेंट प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12 के छात्र भवर सिंह, विशाल गौड़ तथा कक्षा 11 की छात्रा अजय प्रकाश मिश्रा को मुख्य अतिथि डॉक्टर अमरेश तिवारी ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कुछ छात्र/छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर आरटी कोचिंग के डायरेक्टर रत्नाकर तिवारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## लोहिया वाहनी समाजवादी पार्टी का स्वागत



**कोरांव।** जिलाकार्यालय प्रयागराज में लोहिया वाहिनी के शानदार प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉ रामकरन निर्मल जी समाजवादी क्रान्ति वीर के प्रभारी बनकर आए जिसमें यूथ फ्रंटल के सभी जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष व जिले व विधानसभा के लोहिया वाहिनी युवजन सभा छात्र सभा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के सभी पदाधिकारी व जिले के नेता उपस्थित रहे। जिसमें लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति वीर प्रभारी बनकर आए उन्होंने अपने संबोधन में कहाँ की भाजपा सरकार समाजवादियों की लाल टोपी से पूरी तरह घबरा गई है और उन्होंने कहाँ की किसानों दलितों अल्पसंख्यको की सच्ची हितैसी समाजवादी पार्टी है। शहादत अली प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी ने कहाँ की समाजवादी पार्टी से बड़ा संगठन किसी भी राजनीतिक दल के पास नही है। समाजवादी पार्टी के कथनी और करनी में कोई अंतर नही है समाजवादी पार्टी अपने पूर्व की सरकार में गरीबो दलितों महिलाओं छात्रों के लिए तमाम योजनाएं लाई थी जिसको भाजपा सरकार ने बंद कर दिए और उन्होंने कहाँ की 2022 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे है और भाजपा का बनवास जाने की तैयारी कर ले। बैठक में प्रदेश महासचिव अमरेंद्र आर्य नवीन यादव जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी हर्षित पांडेय जिलाध्यक्ष युवजन सभा गुड्डू जिलाध्यक्ष छात्र सभा सैफ फरीदी जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड आकिब जावेद अखिलेश यादव विकास यादव शान यदुवंशी अनुज पाल विजय बागी व सैकड़ो संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शंकरगढ़ बीआरसी कैंप में 37 बच्चों का हुआ शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण



**शंकरगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी शंकरगढ़ में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 37 बच्चों की जांच की गई और दिव्यांगों को उनकी क्षमता के अनुसार सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।\खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन में आयोजित उक्त कैंप में विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सहभागिता की। विद्यालयों के शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को बीआरसी शंकरगढ़ तक लाया गया, जहां पर डाक्टरों की टीम ने बच्चों की दिव्यांगता के आधार पर उनका परीक्षण किया और उसी के अनुसार सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस कैंप में प्राथमिक विद्यालय गोइसरा, गिधार, भैंसहाई, भड़िवार, प्रतापपुर समेत अन्य विद्यालयों से आए बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया। इस कैंप में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयकिशन, अर्थोसर्जन डा. रणधीर कुमार, साइकोलाजिस्ट डा. इशन्या राज, आडियोलाजिस्ट डा. संकल्प शुक्ला, फिजियोथेरेपिस्ट राजेंद्र कुमार यादव, स्पेशल एजूकेटर रामसूरत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रतापपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास यही मेरा प्रयास : इं. घनश्याम पांडेय



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में अमिलियां, नईकोट, जोगिया, शेखपुर में अपने समर्थकों संग जनसंपर्क किया। उपस्थित लोगों को क्षेत्र के विकास हेतु बसपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील किया।घनश्याम पांडेय ने कहा कि हमारे क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं नदारद है किसी ने पहल नहीं किया बेरोजगारी, महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है क्षेत्र में काराखाना, सरकारी इंटर डिग्री कालेज, सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल,सरकारी आईटीआई पोलटेक्निक कालेज आदि खुलवाना मेरी प्राथमिकता है। बेरोजगारी चरम पर है सबको समायोजित करना मेरा लक्ष्य है आप लोगो की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करना क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही मेरा उदेश्य है।क्षेत्र की जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार आदि कार्य वर्षों से लंबित है किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र के विकास हेतु ध्यान नही दिया जिसके कारण प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया आप लोगो की अपेक्षाओं शत प्रतिशत पूरा करूँगा।इस अवसर पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, सैयद शेख, मो0 मोकीम, मुनौवर अली, मो0 अरमान , मुस्ताक अहमद, अंसार अहमद अंग्रेज, विजयशंकर तिवारी, डिंपी पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश गौतम, पिंटू मिश्रा प्रधान, विशाल मिश्रा, विकास यादव, इंदिल पांडेय, विपिन दुबे, श्रीराम पाल, दारा पाल, आशुतोष तिवारी, रणजीत पटेल, अरविंद सरोज, राकेश गौतम, संदीप सरोज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## थाना बारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न




**जसरा।** प्रयागराज जनपद के कोतवाली बारा में थाना प्रभारी कमलेश कुमार की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें कुल मिलाकर एक ही मामला सामने आया जो कि चामू ग्राम सभा का था और राजस्व विभाग से संबंधित था जिसका थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने निस्तारण करने का आश्वासन दिया समाधान दिवस में उपस्थित कानूनगो प्राची केसरवानी, व उमाशंकर श्रीवास्तव, रामचंद्र कुशवाहा, रामप्रसाद त्रिपाठी, दुखराज चौधरी, रामेन्द्र पांडेय, आशुतोष पांडेय, दीवान सिंह, अरुण कुमार अग्रहरि, देवी शंकर, अलका यादव, नीतू सिंह, ममता कनौजिया, आदि लोग रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर, विकास खंड बहरिया में बीती रात अज्ञात चोरों ने आफिस और रसोईघर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखा दो सिलेंडर, एमडीएम का गेहूं व चावल चोरी कर ले गए। शनिवार की सुबह विद्यालय पहुचे इंचार्ज प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश द्विवेदी ने देखा कि आफिस व रसोई घर का ताला टूटा हुआ था। सभी सामान बिखरे हुए थे। कमरे मे रखी उक्त चीजें गायब थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस, थरवई पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया को दिया। जानकारी मिलते ही 112 नंबर व थरवई पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करना शुरू कर दिया। एसओ थरवई योगेश प्रताप सिंह के अनुसार चोरी की लिखित तहरीर मिली हुई है। मामले की छानबीन चल रही है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जाएगा।

# जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## 28415 वादों का किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर-के किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 28415 वादों का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा कुल 4 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों के कुल 3631 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 61 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (उत्तर) द्वारा 62 वाद वह मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) द्वारा 44 वाद का निस्तारण करते हुए कुल 29164000 रुपए प्रतिकार प्रदान किए गए। विद्युत के 102 वादों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 740 वाद, एसीजेएम दो द्वारा 451, रेलवे कोर्ट द्वारा 1575 वादों का निस्तारण किया गया। राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 14233 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के द्वारा 2818 मामले निस्तारित किए गए। यह जानकारी श्रीमती प्रज्ञा सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद द्वारा दी गई।



राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्वलित शुभारंभ करते नलिन कुमार श्रीवास्तव



### भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ जंघई

**जंघई।** अमृत महोत्सव समिति मुंगरा बादशाहपुर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सेमरी मंडल में तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। जंघई शिव मंदिर पर भारत माता की आरती का आयोजन करके तिरंगा यात्रा डीजे और भारत माता की जय जय श्री राम के नारों के साथ शुभारंभ किया गया जो कि जंघई कालोनी होते हुए अष्टभुजा गेट, भोगीपुर, असवां, सेमरी, करौर, बभनियाव होते हुए मोलनापुर में भव्य आरती के साथ समाप्त हुई।इस अवसर पर आरएसएस के जिला प्रचारक ओमप्रकाश, नगर प्रचारक आलोक जी, इंजीनियर दिनेश शुक्ला गुड्डू भैया, प्रधान प्रमोद गुप्ता, संदीप पांडेय, रोहित गुप्ता, अंकित पांडेय, अभिषेक पांडेय, रोहित ब्राह्मण, विजय मिश्रा, रतन मिश्रा, मंगला प्रसाद तिवारी, बृजेश यादव, सचिन तिवारी, अभिषेक तिवारी, दिनेश उमरवैश्य, अजीत तिवारी, गोलू शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्रद्धांजलि : कोरांव के पत्रकारों और समाजसेवियों ने किया कैंडल मार्च



**कोरांव।** ब्लॉक मुख्यालय पर देश के पहले सीडी एस जनरल विपिन रावत और उनकी पत्नी सहित सभी सैनिकों की विमान हादसे में हुई मौत को ले कर तहसील के पत्रकारों ने ब्लॉक मुख्यालय पर पुष्प अर्पित कर शहीद परिवारों को बल एवं संबल प्रदान कर ईश्वर से प्रार्थना की।इस दौरान श्यामा कांत शुक्ल पत्रकार,महेंद्र मिश्र,सिमलेश पांडेय,अजय सिंह,बबन तिवारी, एस पी सिंह,महेश पांडेय,अजय मिश्र, राजेश सिंह,संजय दुबे,सौरभ सोनी सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। इसी के साथ ही अल्हवा देवघाट तिराहे पर जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह पटेल के पति राजेश सिंह, असद अहमद सिद्दीकी अध्यक्ष प्रगतिशील समाजवादी पार्टी कोरांव विधान सभा,अनस अहमद ग्राम प्रधान अल्हवा प्रतिनिधि,रफीक,आदि इलाके के कई युवा वर्ग कैंडल मार्च निकाल कर शहीदों को याद किया और ईश्वर से उनके परिजनों को सहन शक्ति की प्रार्थना की।

### जनरल रावत को मोमबत्ती जलाकर दी गई श्रद्धांजलि



**लालापुर।** तमिलनाडु में नीलगिरि जिले के कुन्नुर में बीते बुधवार को हेलीकाप्टर हादसे में देश के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों की मौत हो गई। इनमें वायुसेना के इस एमआइ-17 हेलीकाप्टर का पायलट और सीडीएस के वरिष्ठ स्टाफ एवं सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। शनिवार को लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पांडेय(भाजपा जिला प्रतिनिधि) की अगुवाई में लालापुर चौराहे पर शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में सीडीएस जनरल बिपिन रावत को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।।इस मौके पर शैलेंद्र पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, दीपचंद्र शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, भानू मणि त्रिपाठी,अरवेंद्र पाण्डेय,सोमू पाण्डेय,हरिलाल पाण्डेय, सुरेंद्र पाण्डेय, होरीलाल केसरवानी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सर्राफा व्यवसाई का उचक्के ने ले उड़े लाखों का सामान



**सिरसा।** नगर पंचायत सिरसा मेजा थाना सिरसा चौकी के अंतर्गत नगर पंचायत सिरसा गुहट्टी मोहल्ला में रमेश चंद सेठ पुत्र स्वर्गीय शीतला प्रसाद सेठ का सराफा की दुकान है। रोज की भाती सुबह दुकान खोलें तभी दो आदमी पहुंचे कहा कि समान दिखाओ। सरार्फा व्यवसाई रमेश चंद्र सेठ ने समान दिखाते समय उनका फोन आया बात करने लगे तभी ग्राहक बनकर आए दोनों आदमी ने लाखों का सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। जब व्यवसाई ने देखा तो दोनों उचक्के सामान लेकर निकल चुके थे। सूचना देने पर मेजा थानाध्यक्ष तुषारदत्त त्यागी ने सिरसा चौकी इंचार्ज हरिशचंद शर्मा मय फोर्स मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे गए। सरार्फा व्यवसाई रमेश चन्द सेठ ने बताया कि एक सोने की अंगूठी, चार सोने की लॉकेट, फुल्ली, चार सोने का झाला लेकर दोनों आदमी फरार हो गये। इस घटना से सिरसा बजार के व्यापारियों में दहशत बना है।

### ओठगी तरहार में क्रिकेट टूनार्मेंट का किया गया आयोजन



**लालापुर।** क्षेत्र के ओठगी तरहार में शनिवार को क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय ने क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि गांव के प्रतिभावान छोटे-छोटे खिलाड़ियों के द्वारा इस तरह से टूनार्मेंट का आयोजन करने से खिलाड़ियों की छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है।उन्होंने यह भी कहा की इसी तरह के आयोजन से अच्छे खिलाड़ियों की पहचान होती है, जिसके बाद पंचायत स्तर से प्रखंड स्तर तक और उसके बाद जिला राज्य मे अपनी खेल की प्रतिभा से अपना और अपने गांव व परिजनों का नाम रौशन करते हैं। पहला क्रिकेट मैच गोइसरा और गोल्हैया के बीच हुआ, जिसमें गोल्हैया टीम ने 12 ओवर में 112 रन बनाया।वहीं गोइसरा टीम 09 ओवर में 70 रन बनाकर आलआउट हो गई।इस दौरान मुकेश तिवारी, बिट्टू तिवारी, सुशील तिवारी, अंबुज मिश्रा, सत्यम, विराट ,सनातन, संदीप केसरवानी,बीडीसी कल्लू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अस्थमा दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित,छात्रों को भेंट किये गये औषधियुक्त पौधे



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज मे शनिवार को विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर जन- जागरूकता अभियान के अवसर पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सुकुंती सचान ने अस्थमा के विभिन्न रूपों के विषय पर विस्तृत जानकारी देतें हुए पर्यावरण प्रदूषण, इत्र इत्यादि भौतिक वस्तुओं के प्रयोग को बहुत ही संकुचित मात्रा मे उपयोग करने पर जोर देतें हुए सभी छात्राओं से मास्क लगाने के लिए भी अपील किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल ने ग्यारह मेधावी बेटियों को गंधराज, सर्पराज,दालचीनी, हरिश्रृंगार,अंजीर इत्यादि पौधे भेंट करते हुएशोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने कहा कि प्रकृति मे विद्यमान अनेकों औषधियों के माध्यम से विभिन्न असाध्य रोगों का इलाज किया जा सकता हैं उक्त अवसर पर श्री पटेल ने सभी छात्राओं से मेडिकल गार्डेन के लिए भी प्रोत्साहित किये।जान्हवी शर्मा, पायल केसरवानी, शिल्पी केसरवानी, अनीता पटेल, नीतू निषाद, श्वेता शर्मा समेत अन्य छात्राओं सहित कीर्ति अवस्थी, रीना यादव, नीता त्रिपाठी, गीतांजलि आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### नेशनल लोक अदालत में 115 पुराने केसों का किया गया निस्तरण



**करछना।** शनिवार को प्रयागराज हाई कोर्ट में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत न्यायमूर्ति श्री विपिन चन्द्र दीक्षित द्वारा कोर्ट संख्या 46 में वर्ष 2003 से 2016 तक के एफ ए एफ ओ के 115 पुराने केसों का निस्तारण किया गया, जिसमें न्यू इण्डिया एश्योरेंस कम्पनी के पैनल अधिवक्तागण व न्यू इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारी श्री अभिषेक यादव व श्री आर पी पाण्डेय असिस्टेंट रजिस्ट्रार/ न्याय पीठ सचिव व उनके सहायक कोर्ट टीम के अथक प्रयास से 115 पुराने केसों को माननीय न्यायालय द्वारा निस्तारित किया गया।

### मेजा कोतवाल ने कहा पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ



**सिरसा।** मेजा शनिवार को नए कोतवाल ने क्षेत्र के पत्रकारों की मीटिंग कर अपराध नियंत्रण के लिए सहयोग देने की बात की। दो दिन पूर्व प्रयागराज पुलिस लाइन से स्थानांतरित होकर मेजा कोतवाली का कार्यभार संभालने के बाद मेजा के नए कोतवाल तुषारदत्त त्यागी ने क्षेत्र के पत्रकारों के साथ बैठक कर उनसे क्षेत्र के सम्बन्ध में बातचीत की और कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ हैं। पत्रकार जनता के नेत्र हैं। अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ-साथ पत्रकारों का भी योगदान रहता है। मैं आप सभी पत्रकारों से अच्छे कार्य के लिए सहयोग चाहता हूं। सभी पत्रकारों का परिचय व उनके मोबाइल नंबर लेते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश रहेगी। उक्त अवसर पर समाजसेवी व अधिवक्ता अभिषेक तिवारी, उपनिरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अरविन्द चौबे सहित क्षेत्र के पत्रकारगण एवं प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।



## पं निर्मल कुमार शुक्ल को लापर रत्न पुरस्कार से किया गया सम्मानित

### पथरताल सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में पं त्रिवेणी प्रसाद मिश्र की 21 पुण्य तिथि पर राम कथा का भव्य आयोजन और हनुमत ज्योति पत्रिका का विमोचन

**कोरांव।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्वत्परिषद कोरांव के तत्वावधान में प्रतिष्ठित लापर रत्न पुरस्कार के लिए लापर की माटी पसना के सपूत मानस महारथी पं निर्मल कुमार जी शुक्ल को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। आपको पुरस्कृत करते हुए सिद्ध हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक पं टी एन मिश्र ने कहा कि मानस महारथी जी ने देश विदेश में लापर की कीर्ति कौमुदी का विस्तार किया है लगातार 50 वर्षो से अविरल राम कथा मंदाकिनी के प्रवाह में लाखों लोगों को अभिसिंचित किया है आपने रामायण भागवत शिव पुराण देवी भागवत वाल्मीकि रामायण आदि ग्रंथों के माध्यम से आपने सनातन धर्म की बड़ी ही सार्थक सेवा किया है एतदर्थ क्षेत्र का कर्तव्य बनता है कि ऐसी विभूति को समुचित सम्मान प्रदान किया जाय।इससे पूर्व तीन दिनों तक राम कथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ पं निर्मल कुमार शुक्ल ने राम विवाह महोत्सव पर सीताराम के पावन विवाह की मार्मिक व्याख्या किया।आपने कहा कि हमारे अंतर्मन में भक्ति और ज्ञान का मिलन ही आध्यात्मिक दृष्टि से सीता राम का विवाह है इस गाथा को मात्र त्रेता युग की घटना न मानकर हमें अपने हृदय को विवाह मंडप बना कर इसमें ज्ञान भक्ति का मिलन कराना चाहिए।इस आयोजन में क्षेत्र के विशिष्ट महानुभावों का आगमन हुआ जिनमें कोरांव के लोकप्रिय चेयरमैन नरसिंह जी केसरवानी ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल श्रृंगवेरपुर रामायण मेला के अध्यक्ष बाल कृष्ण पांडेय संतोष मिश्रा पत्रकार डा शमीम शेख डा हीरामणि त्रिपाठी शिक्षा विद् डा विद्यकांत तिवारी संस्कृत संस्थान लखनऊ के अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद तिवारी शुशील कुमार शुक्ल हर्ष उदित नारायण शुक्ल समाज सेवी गंगा पुत्र समाज शेखर बसंत लाल तिवारी पं ब्रह्मा शंकर तिवारी पत्रकार रमेश तिवारी राधेश्याम पांडे डा राधेश्याम शुक्ल तथा अनेकों गणमान्य नागरिक व विपुल संख्या में क्षेत्र वासी एकत्र रहे।सांसद रीता बहुगुणा जोशी लोकसभा सत्र प्रारंभ होने के कारण पूवार्नुमति होने के बाद भी उपस्थित नहीं रह सकीं।म प्रदेश छत्तीसगढ़ के पूर्व नेहरू युवा केंद्र निदेशक और समाज सेवी टी एन मिश्र ने अपने यशस्वी पिता स्व त्रिवेणी प्रसाद मिश्र की स्मृति में गरीबों को कंबल वितरण किया। आपके मार्गदर्शन में पथर ताल हनुमान मंदिर परिसर में सुंदर यज्ञशाला राम जानकी का भव्य मंदिर तथा यात्रियों के लिए विश्राम स्थली का निर्माण कराया गया है।टी एन मिश्र जी ने कहा कि यस्य कीर्तिः स जीवति। संसार से केवल पार्थिव शरीर जाता है जिसके सत्कर्म होते हैं वह मानव सदैव अमर रहता है पुत्र अपने माता पिता के प्रति श्रृद्धा ज्ञापित करके परलोक में विराजमान माता पिता की अंतरात्मा को सुख तो दे ही सकता है।ठंडी के दिनों में गर्म कपड़े गर्मी के दिनों में शीतल जल बारिश में गरीबों को चरण पादुका और छाता ए दान देखने में भले ही छोटे हों किन्तु इनका बहुत बड़ा पारमार्थिक महत्व है। संसार में परमार्थ से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। परहित सरिस धर्म नहिं भाई ।पर पीड़ा सम नहिं अधमाई। इसी के साथ हनुमत ज्योति पत्रिका का अनावरण मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल बाल कृष्ण पांडेय डा विद्याकांत तिवारी तथा टी एन मिश्र के कर कमलों से संपन्न हुआ।यह पत्रिका कम समय में विद्वानों के बीच द्रुतगति से लोकप्रिय हो रही है।अंत में टी एन मिश्र ने सभी अतिथियों और क्षेत्र वासियों का आभार प्रदर्शन किया तथा अतिथियों का शाल आसामी दुपट्टा और गौरव फलक के साथ स्वागत किया तथा आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा किया।डा विद्याशंकर तिवारी डा हीरामणि त्रिपाठी समाज शेखर ऋंगवेरपुर रामायण मेला के अध्यक्ष बाल कृष्ण पांडेय संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद तिवारी तथा अन्य विद्वानों ने भी अपने विद्वतापूर्ण संबोधन से जन समुदाय का मार्गदर्शन किया इसके साथ सब का जलपान संपन्न हुआ और अतिथियों को आदर सहित विदा किया गया।



## किसान आंदोलन जीत पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने रैली निकाल मनाई खुशियां

**घूरपुर।** किसान आन्दोलन की ऐतिहासिक जीत पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकताओं ने बीकर गांव से घूरपूर बाजार तक डीजे की धुन पर थिरकते हुए जुलूस निकाल खुशियां मनाई। शनिवार के दिन सैकड़ों की संख्या में किसानों ,मजदूरों महिलाओं ने अपने हाथो में लाल झंडा लहराते हुए इंकलाब जिंदाबाद, किसान आन्दोलन जिंदाबाद, संयुक्त किसान मोर्चा जिंदाबाद, , लड़े हैं जीते हैं लड़ेंगे जीतेगें आदि नारे लगाते रैली निकाली। वहीं हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए सैन्य अफसरों के प्रति दुख व्यक्त किया। तथा फौज द्वारा नागालैण्ड में मारे गये आदिवासी मजदूरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि 24जून 2019बोट से खनन पर रोक को वापस कराने के लिए बालू मजदूरों को ऐतिहासिक जन आन्दोलन से सबक लेनी चाहिए । विजय जूलूस का नेतृत्व आशीष मित्तल राष्ट्रीय महासचिव एआई के एम एस, कामरेड हीरा लाल कुशवाहा, प्रयागराज महासचिव राजकुमार पथिक , विनोद निषाद शैलानी , फूलचंद निषाद, प्रगतिशील महिला संगठन की आकृति सागर, शीला निषाद ने किया।

## चनैनी गांव के पूर्व प्रधान ने सरकारी संपति की पहुचाई क्षति : वीडीओ से शिकायत

**करछना।** कभी जनता के सेवक कहें जाने वाले आज वही गांव में विकास की धुडी रहे पूर्व प्रधान खुद जनता के के खिलाफ कार्य करने लगे हैं, विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी गांव में लगभग 20 सालो से पड़ी गांव की सड़क जिससे गांव की जन मानस को आने जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ता था ,जो की वर्तमान प्रधान धीतेश तिवारी चुनाव के पहले इस कार्य को कराए जाने वाले कार्यों के प्रथम एजेंडे में शामिल था,आज कार्य को मेरे द्वारा कराया जा रहा था, जिसमे देवेंद्र तिवारी द्वारा राजनैतिक प्रतिद्वंदता के कारण सरकार द्वारा कराया जा रहे कार्य में अवरोध उत्पन्न किया गया और सरकारी संपति की क्षति की गई जिसमे ग्राम पंचायत और सरकार के पैसे का काफी नुकसान हुआ,और इनके द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाली गई,अब ये गांव की जनता को तय करना है,की इस तरह से गांव के विकाश कार्य में बाधा डाला जाएगा तो ग्राम प्रधान , चांद या मंगल ग्रह पर तो कार्य करेगा नहीं,अब इसका निर्णय गांव की जनता खुद करे, और इसे मेरी चेतावनी समझी जाए गांव के विकाश कार्य को गांव के हित के लिए मैं किसी भी स्तर तक जा सकता हु,ऐसे घृणित कार्य करने से मेरा मनोबल कमजोर नहीं हो सकता, इस की शिकायत प्रधान धीतेश तिवारी ने खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय से की और कारवाई की मांग की है।



पूर्व प्रधान नें सरकारी मार्ग तोडते हुए

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शुआट्स का क्रिसमस जलसा

### मनष्य को परमेश्वर के स्वरूप व समानता में बनाने धरती पर आया यीशु मसीह : बिशप डा. राजेन्द्र बी. लाल

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) का भव्य क्रिसमस जलसा यीशु दरबार चर्च प्रांगण में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया जिसमें परमेश्वर के वचन, प्रार्थना, आराधना, मसीही भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक की प्रस्तुति हुई। शुरूआत प्रार्थना प्रो0 जोसफ प्रभाकर दयम ने की। कोविड गाईडलाईन को देखते हुए कार्यक्रम का आयोजन सोशल मीडिया यू ट्यूब पर किया गया जिसमें छात्र-छात्रायें व यीशु दरबार के अनुयाईगण शामिल हुए। बिशप मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि यीशु मसीह का धरती पर आने का मकसद मनुष्य जाति को परमेश्वर के स्वरूप और समानता में बनाना था ताकि मनुष्य भी पाप रहित हो और सत्य के मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने कोई धर्म की स्थापना नहीं की क्योंकि वा सारे मानव जाति का मुक्तिदाता है जो कोई उस पर विश्वास करेगा उसका नाश नहीं होगा वरन वह अनन्त जीवन प्राप्त करेगा। उन्होंने बाईबल वचन साझा करते हुए मनुष्य के जीवन चक्र को बताया जिसमें जन्म, मृत्यु और न्याय को समझाया। उन्होंने कहा कि न्याय सिर्फ दो तरह के लोगों को होगा, एक जिन्होंने यीशु मसीह पर विश्वास किया और दूसरे वे जिन्होंने उस पर विश्वास नहीं किया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस सारी मानव जाति के लिये उपहार है जो हमें नये जीवन में प्रवेश का मौका देता है हमें परमेश्वर पर विश्वास करके उसके बताये सत्य व शान्ति के मार्ग पर चलना चाहिये। अन्त में उन्होंने सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी व 11 अन्य जवानों की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी की आत्मा की शिन्ति के लिये परमेश्वर से प्रार्थना की।



कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बच्चों, शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को पापों से मुक्त करने के लिए प्रभु यीशु मसीह धरती पर आये। उन्होंने यीशु मसीह के जन्म को पूरी दुनिया के लिये खुशखबरी बताया और यीशु मसीह में विश्वास करके अनन्त जीवन प्राप्त करने की बात कही। यीशु दरबार चर्च की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया व उन्हें उपहार बांटे। इस अवसर पर शान्ति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाये गये एवं रंगीत गुब्बारे उड़ाकर खुशी का इजहार किया गया। पूर्व में आया है यीशु आया क्वायर की प्रस्तुति हुई जिसके बाद मसीही गीत ऐसा प्रेम किया उसने, स्वर्गीय सुख छोड़ा उसने गाया गया। सण्डे स्कूल के बच्चें ने यीशु के जन्म पर नाटक का मंचन करते हुए बताया कि यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है जो उस पर विश्वास करेगा वो उद्धार पायेगा। फोर्ड स्कूल के बच्चों ने डान्स की प्रस्तुति दी। बीएड की छात्राओं ने क्रिसमस गीत खुशखबरी को ना ठुकराओं पर नृत्य की प्रस्तुति दी। नैनी क्रिश्चियन इण्टर कालेज के बच्चें ने मसीही गीत चरवाहे नाचे झूम के की प्रस्तुति दी। स्नेह आश्रम की छात्राओं ने भी नृत्य किया तथा यीशु दरबार क्वायर द्वारा भजन मसीहा आया जमी पर खुश होती है की प्रस्तुति दी। अन्त में कम्युनिटी लंच में सभी ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो0 रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट, श्रीमती इन्दिरा ओलीवर, कुलसचिव प्रो0 रॉबिन एल. प्रसाद, कोषाध्यक्ष एस.के. नाथ, निदेशक आई.पी.सी. प्रो0 जोनाथन ए. लाल, संयुक्त निदेशक (एचआरएम) इंजी. अभिलाषा लाल आदि उपस्थित रहे।

# फूलपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ भव्य आयोजन

### वैवाहिक कार्यक्रम में 90 हिंदू व 8 मुस्लिम जोड़ों की हुई शादी

### ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने दिया नव दंपतियों को आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का भव्य कार्यक्रम शनिवार को विकास खण्ड फूलपुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में न सिर्फ हिन्दू गरीब कन्याओं की शादी संपन्न हुई बल्कि मुस्लिम पर्दानशीन कन्याओं का निकाह भी हुआ। जहां प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जन प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर नव दंपती को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भोजपुरी गायक विकास मिश्रा ने मांगलिक वैवाहिक गीतों से समां बांधे रखा। कार्यक्रम स्थल को फूलों और गुब्बारों से बखूबी सजाया गया था। विवाह कार्यक्रम में हिंदू जोड़ों का जहां पुरोहित पंडित ने विधि-विधान से विवाह कराया, वहीं मुस्लिम जोड़ों को मौलवी ने निकाह पढ़ाया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कुल 98 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाहित जोड़ों में 90 हिंदू व 8 मुस्लिम जोड़े शामिल हुए। नवदंपतियों को खण्ड विकास अधिकारी प्रवीणानन्द, ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल व सहायक विकास अधिकारी गुलाब चंद पाण्डेय ने आशीर्वाद दिया। ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि बेटियां उनकी जिम्मेदारी हैं। इसको ध्यान में रखकर सामूहिक विवाह योजना लागू की गई है, जो आज धरातल पर उतरी है और गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। वहीं विवाहिता जोड़ों को शुभाशीष देते हुए खंड विकास अधिकारी प्रवीणानन्द ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सरकार की एक जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है जिससे हर गरीब तबका लाभान्वित हो रहा है। मौके पर एडीओ समाज कल्याण प्रकाश पटेल, कमलेश पटेल,एडीओ आइएसबी, एकाउंटेंट जगपत सिंह, मनरेगा एकाउंटेंट राकेश कुमार,ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेन्द्र कुशवाहा, राम अवध यादव, रेनू गौतम, भाजपा नेता अनिल मौर्य, सुरेश विश्वकर्मा, सुरेन्द्र मौर्य सहित ब्लाक के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व ग्राम प्रधान के साथ ही विवाहित जोड़ों के साथ सैकड़ों की संख्या में उनके परिजन उपस्थित रहे।



एक ही परिसर में गूंजा वैदिक मंत्र व निकाह की आयतें, फूलपुर विकास खण्ड परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह मेंनव दंपतियों को शुभाशीष देते बीडीओ प्रवीणानंद

### सामूहिक विवाह में 37 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**सहसों।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सहसों ब्लॉक में 37 जोड़ो का सामूहिक विवाह हुआ। सहसों के छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 37 जोड़ो का विवाह वैदिक रीति रिवाज से संपन्न हुआ। विवाह में सरकार द्वारा प्रत्येक कन्याओं के बैंक खाते में 35 हजार रुपए नगद एवं 16 हजार के गृहस्थी से संम्बधित उपहार दिया गया। सामूहिक विवाह योजना के मुख्य अतिथि विधायक प्रवीण पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनाली पटेल, जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्विनी कुमार दुबे, ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी सुधाकर दुबे,एडीओ पंचायत ,एडीओ पंचायत समाज कल्याण विभाग निखिल मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू ने नवविवाहित वर-बधू को आशीर्वाद दिया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 698 जोड़े

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को जिले के 17 ब्लाकों तथा नगर पालिका में कुल 698 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि सदर क्षेत्र के बड़नपुर में सीडीओ ईशा प्रिया पहुंची थी, जहां सर्वाधिक 141 लोगों का विवाह सम्पन्न हुआ। इसमें 12 नगर पालिका क्षेत्र के थे।

इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, कार्यक्रम के प्रभारी बनाये गये सफाई निरीक्षक एसके सिंह, आरआई राजेश बिंद आदि लोग भी मौजूद रहे। बताया गया कि रानीगंज में 26, कालांकर में 25, लालगंज में 82 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। उधर रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड गौरा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने 26 नव विवाहित दंपत्तियों को विवाह प्रमाणपत्र व अन्य उपहार प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की मंगल कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आर्थिक रूप से निर्बल परिवार की बेटियों के विवाह हेतु शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अत्यंत जन कल्याणकारी योजना है। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी आशुतोष सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया व व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीओ रानीगंज अतुल अंजान तिवारी, प्रतिनिधि नीरज ओझा व मण्डल अध्यक्ष गौरा बृजेश पटेल समेत कई लोग उपस्थित रहें।

## 17 ब्लाकों व नगर पालिका क्षेत्र में हुए भव्य कार्यक्रम



नवदम्पत्ति को प्रमाण पत्र देते रानीगंज विधायक धीरज ओझा।

## गाजे-बाजे व धूमधाम के साथ एक-दूजे के हुए नव-विवाहित जोड़े

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत स्थानीय लालगंज ब्लाक परिसर मे शनिवार को 82 नवदम्पति समारोहपूर्वक वैवाहिक बन्धन की रस्म व रीतिरिवाज के तहत एक दूसरे का हाथ थामा। नव दम्पति को सरकार की तरफ से गृहस्थी के सामान आदि के उपहार बांटे गये। वहीं रामपुर खास की क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से भी दम्पतियों को शगुन भेंट किया गया। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने वर व वधू को निजी तौर पर शाल एवं कम्बल के किट प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं नव दम्पतियों को सरकार की ओर से शादी प्रमाण पत्र भी विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं प्रमुख अमित सिंह की मौजूदगी मे बीडीओ लालगंज अश्विनी कुमार सोनकर सौंपा। वैवाहिक उत्सव को लेकर वर व वधू पक्ष की प्रमुख अमित एवं बीडीओ अश्विनी सोनकर ने प्रवेश द्वार पर पुष्पवर्षा कर आगवानी की।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 23 हिन्दू व दो मुस्लिम बने जीवन साथी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के ब्लाक सभागार कक्ष में रविवार को मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह में 23 हिन्दू व दो मुस्लिम जोड़े एक दूजे के लिए हुए। आचार्य श्याम मूर्ति पाण्डेय, रामहर्ष तिवारी, दीपक दुबे ने सभी नव दंपति जोड़ी को वेदों मन्त्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कराया और एक दूसरे के गले मे वर माला डलवाकर वैवाहिक जीवन सुखी का आशीर्वाद दिया। दो मुस्लिम जोड़ो का मौलाना ने निकाह कराया।

सभी विवाहित जोड़ो को उपहार के साथ आशीवार्द देकर विदाई की गई। ब्लाक परिसर में दोनों पक्षो को खाने पीने की ब्यवस्था भी की गई थी। इस मौके पर कौशाम्बी भाजपा सांसद बिनोद सोनकर के प्रतिनिधि मनोज सोनकर, बाबागंज भाजपा पवन गौतम, खंड विकास अधिकारी कालाकांकर सुश्री अपर्णा सैनी, नोडल अधिकारी ट्रेनिग सेंटर कालाकांकर के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ,एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला, समाज कल्याण अधिकारी कालाकांकर सुनील कुमार, ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य, एडीओ आइएसबी यू बी सिंह, योगेश कुमार, विजय शुक्ला सहित ब्लाक के सभी स्टाफ मौजूद रहे।



ब्लाक कालांकर में आयोजित विवाह में बैठे दम्पत्ति।

## प्रमोद तिवारी व मोना का शगुन पाकर खिल उठे नवदम्पतियों के चेहरे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लालगंज तथा सांगीपुर व रामपुर-संग्रामगढ़ के नौ वैवाहिक जोड़ो को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी की ओर से खास शगुन भेंट किया गया। विधायक मोना की शुभकामना पाकर नवदम्पतियों के चेहरे खिल उठे दिखे। विधायक मोना ने क्षेत्र के इन नवदम्पतियों के सुखमय भविष्य की कामना करते हुए आयोजन मे कार्यकताओं की भी मेहनत की सराहना की है। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज एवं रामपुर संग्रामगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि भुवनेश्वर शुक्ल ने प्रत्येक जोड़ो से मिलकर विधायक मोना की ओर से शुभकामना का शगुन भेंट किया। विधायक की ओर से शगुन भेजवाए जाने की जानकारी से वर एवं वधू पक्ष से आये बडी संख्या मे लोगों के बीच भी प्रसन्नता देखी गयी।

# बूथों तक जाएं कार्यकर्ता लाभार्थियों से करें संपर्क: धर्मपाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव संचालन समिति की बैठक अफीम कोठी सभागार में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल उपस्थित रहे। साथ में नागेश्वर काशी क्षेत्र एवं अमरनाथ यादव काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम गीत से प्रारंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मपाल ने कहा कि हम प्री इलेक्शन मैनेजमेंट का कार्य शीघ्र ही पूरा करें। आगामी समय में मंडलवार पन्ना प्रमुख और त्रिदेव प्रमुख का सम्मेलन होना है और सभी मोर्चों के सम्मेलन करने हैं इसकी तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथों तक जाकर लाभार्थियों से सम्पर्क करें और योजनाओं से अवगत कराएं। जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से राजेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, पवन गौतम, सतीश चौरसिया, राजेश मिश्रा, अंशुमान सिंह, रवि गुप्ता, ज्योतिमा सिंह, रुचि केसरवानी, अनुराग मिश्रा, रामजी मिश्र, अनूप सिंह, यथार्थ सिंह, राघवेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

## भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न



भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक में बोलते प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल

## आज होगा हिन्दी कविता के प्रतिनिधि स्वर का लोकार्पण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर मे आज रविवार को प्रख्यात हिन्दी लेखक डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा द्वारा रचित हिन्दी कविता के प्रतिनिधि स्वर का पूर्वान्ह ग्यारह बजे लोकार्पण किया जाएगा। शिवराज पब्लिक स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी तथा हिन्दुस्तानी अकादमी प्रयागराज के अध्यक्ष डा. उदय प्रताप सिंह समेत कई विद्वान शामिल होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के सह संयोजक डा. अनुज नागेन्द्र ने दी है।

## पीबीपीजी कालेज में फुटबाल टीम का चयन 13 को

**प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष फुटबाल टीम का चयन ट्रायल प्रतापगढ़ के प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में 13 दिसम्बर को महाविद्यालय परिसर में पूर्वान्ह दस बजे से होगा। प्रतिभाग करने वाले इच्छुक खिलाड़ी छात्र-छात्राएं अपने महाविद्यालय द्वारा निर्गत पहचान पत्र, गत वर्ष शैक्षणिक शुल्क की रसीद, हाईस्कूल, इंटर की अंतिम शैक्षिक योग्यता की मार्कशीट, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चार रंगीन फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हों। यह जानकारी क्रीड़ा सचिव डा0 पवन कुमार पचौरी ने दी।

# पीसीएस लोअर मे मेधावियों ने सफलता का लहराया परचम, खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीसीएस लोअर की घोषित परीक्षा परिणाम मे क्षेत्र के दो मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया है। कामयाबी पर लालगंज एवं सांगीपुर क्षेत्र मे लोगों मे प्रसन्नता की लहर देखी गयी। लालगंज से लगे गांव उमापुर के रमेश यादव ने महिला कल्याण विभाग मे अधीक्षक पद पर सफलता का परचम लहराया है।

रमेश गांव के शिव नारायण के पुत्र हैं। इन दिनों रमेश लालगंज मे विजार्ड एकेडमी का संचालन कर मेधावियों को प्रतियोगी स्पर्धा के लिए तैयार करने मे जुटे हुए हैं। रमेश की सफलता पर गांव के लोग खुशी से झूम उठे। वहीं सांगीपुर के लखहरा गांव निवासी शांति बहादुर सिंह के पुत्र विवेक सिंह ने भी 2016 मे हुई पीसीएस लोअर की परीक्षा मे सफलता हासिल की है।

मेधावी रमेश यादव व विवेक सिंह को मिली इन सफलताओं की जानकारी मिलने पर सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मेधावियों ने रामपुरखास का मान बढ़ाते हुए क्षेत्र को शिक्षा के हब बनाए जाने के संकल्प को और मजबूती दी है। प्रमोद तिवारी ने विवेक से फोन पर बात कर कामयाबी पर शुभकामनाएं सौंपी। विवेक ने हाईस्कूल की शिक्षा सांगीपुर क्षेत्र के चंद्रशेखर मिश्र इण्टर कालेज तथा इण्टरमीडिएट की शिक्षा गांधी इण्टर कालेज से पूर्ण की। इसके बाद विवेक ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा ग्रहण की। सफलता पर प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय व प्रधान बजरंग सिंह एवं डा. निरंकार सिंह, अवधेश बहादुर सिंह, ओम पाण्डेय, संतोष सिंह, पंकज सिंह आदि ने शनिवार को विवेक का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं सौंपी। वहीं विवेक की माँ गिरिजा सिंह तथा पिता शांति बहादुर सिंह के चेहरे पर भी परिवार की कामयाबी पर खुशी नजर आयी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** साइकिल से सब्जी लेने बाजार जा रहे हैं एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे सड़क पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद किसी राहगीर ने तड़पते शव को देखा तो घरवालों को सूचना दिए । मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीण सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की मौत होने से घर में कोहराम मच गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भदवछ गांव के रहने वाले रामसुख 55 शनिवार की दोपहर पट्टी बाजार साइकिल से सब्जी लाने जा रहे थे । भदवछ चौराहे से थोड़ी दूर पट्टी ढकवा मार्ग पर इनकी साइकिल में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर गए और सड़क के किनारे गढ्ढे में गिर गए और तड़पने लगे थोड़ी देर बाद किसी ग्रामीण ने उन्हें तड़पते देख इसकी सूचना परिजनों को दिया मौके पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य में पट्टी ले आए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया रामसुख की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया।

## थाना समाधान दिवस मे चौबीस मे से एक का हुआ निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस मे चौबीस शिकायतें आयीं। इनमे से अफसरो ने एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया। समाधान दिवस मे तहसीलदार जावेद अंसारी तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने समस्याओं की सुनवाई की। सीओ तथा तहसीलदार ने जमीन सम्बन्धी विवादो के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन भी किया है। ज्यादातर शिकायतें छुटपुट मारपीट व जमीन पर अतिक्रमण को लेकर नजर आयी। समाधान दिवस का संयोजन कोतवाल कमलेश पाल ने किया।

## प्रभात एकेडमी में हुई निबंध प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत पोस्टकार्ड अभियान के तहत प्रभात एकेडमी में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय भारत के गुमनाम नायक एवं 2047 का भारत मेरी दृष्टि में रहा। यह प्रतियोगिता पोस्टकार्ड पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पोस्टकार्ड को फिर से जीवन में लाना है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 9 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अपराजिता सिंह, श्रेयांशी कत्यानी, दीक्षा, फैजुल, आरजू, टिंवकल आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# मदरसा गुलशने मदीना में जश्ने मुजाहिदे मिल्लत का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार में शनिवार को जश्ने मुजाहिदे मिल्लत का आयोजन किया गया। इसके पहले सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरआन खानी हजरत मौलाना अनीसुल कादरी की देखरेख में कुरआन पाक की तिलावत से जश्ने मुजाहिदे मिल्लत का कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस दौरान हजरत मौलाना मोहम्मद सलीम निजामी ने शाने मुजाहिदे मिल्लत पर रोशनी डाली। खुसूसी खिताब हजरत अल्लामा समीउल्ला कादरी ने हुजूर के बारे में रोशनी डाली और लोगों को उनके बारे में बताया। अध्यक्षता करते हुए अल्लामा मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि मुजाहिदे मिल्लत मौलाना हबीबुर्रहमान रईसे आजम उड़ीसा का सालाना जश्ने मुजाहिदे मिल्लत का आयोजन हर साल मदरसे में किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि रईस आजम मदरसे और मस्जिदों को बनवाकर आबाद किया। वे लोगों को दीन की दावत देने का भी काम करते थे। खुसूसी खिताब हजरत अल्लामा समीउल्ला कादरी ने हुजूर मुजाहिदे मिल्लत की करामतों का बयान किया। उसके बाद सलाम व फातिहा खानी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हजरत मौलाना मेराज अहमद हबीबी ने किया। इस मौके पर हजरत मौलाना रेहान अहमद हबीबी, हजरत मौलाना इरशाद अहमद हबीबी, हजरत हाफिज व कारी मो0 दाऊद अहमद हबीबी, हजरत मौलाना एजाज अहमद, हजरत मौलाना महताब आलम, हजरत हाफिज सईद उर्फ मुन्ना, हजरत मौलाना अनीसुल कादरी, मौलाना गुलाम मुरसलीन, मौलाना निसार अहमद, मास्टर फिरोज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## हुजूर हबीबुर्रहमान के बारे में उलेमाओं ने डाली रोशनी



जश्ने मुजाहिदे मिल्लत कार्यक्रम में बोलते हजरत

## आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक के सलेम भदारी गांव के दर्जनो ग्रामीणों ने पुराने आम रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया है। डीएम ने शिकायती पत्र की एसडीएम से जांच कराकर रास्ते से अतिक्रमण के बाबत आख्या मांगी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दर्जनो परिवारो के आवागमन के पुराने रास्ते पर गांव के एक दबंग परिवार द्वारा जबरिया अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमणीयों ने आम रास्ते मे मवेशियो को बांधते हुए लकड़ी आदि के टाल लगाकर खडण्जे की पुरानी ईटों का भी दुरूपयोग किया है। लोगों का कहना है कि इससे महीने भर से उन्हें आवागमन मे असुविधा हो रही है। शिकायतकताओं मे राजन तिवारी, मोनू मिश्र, अंकित मिश्र, बच्चन मिश्र, मोहित मिश्र आदि का कहना हैं।

# विजेता खिलाड़ियों को स्कूल में किया गया सम्मानित

## सदर ब्लाक में जोगापुर स्कूल ने जीते सर्वाधिक मेडल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता में सदर ब्लाक में सर्वाधिक पदक जीतने वाले संविलियन स्कूल जोगापुर के खिलाड़ियों का शनिवार को स्कूल में गर्म जोशी के साथ साथी बच्चों और टीचर्स ने स्वागत किया। लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर उनको सम्मान किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय परिसर गूंज उठा।

जिला स्टेडियम में तीन दिन चली बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सदर ब्लाक के स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें संविलियन स्कूल जोगापुर के खिलाड़ी भी विभिन्न खेलों में हिस्सा लिये थे। सदर ब्लाक के हिस्से में आये 8 मेडल में से सर्वाधिक 6 मेडल अकेले जोगापुर के खिलाड़ियों ने जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसमें तीन गोल्ड पदक है। कुश्ती में कक्षा पांच के अंश ने 25 किलो भार में गोल्ड पदक जीता। इसी क्लास के नीरज पटेल ने लांग जम्प में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य जीता। क्लास 8 के सत्यम प्रथम ने 35 किलो में गोल्ड जीता। इसी क्लास के सत्यम सेकेंड ने सिल्वर जीता। क्लास 6 के युवराज ने 40 किलो भार में गोल्ड पदक हासिल किया। इसी क्लास की छात्रा खिलाड़ी लाजो विश्वकर्मा ने 400 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य जीता है। सदर विधायक राजकुमार पाल ने छात्रा को सम्मानित भी किया है। गेम टीचर राजेश कुमार ने बताया कि ब्लाक स्तरीय खेल में 8 के शिवम दौड़ में कांस्य जीत चुके हैं। इसके अलावा बालक खो खो की टीम भी विजेता रही है। स्कूल की इंचार्ज हेड मास्टर कौशिल्या यादव और एमपीएस की हेड लक्ष्मी पटेल ने लड्डू खिलाकर खिलाड़ियों का मुंह मीठा कराया। आगे और बेहतर खेलने का आशीर्वाद दिया। कौशिल्या यादव ने कहा कि इनाम के असली हकदार टीचर राजेश है। जिन्होंने बच्चों को खेल में पारंगत किया है। उनके लिये समय निकाला। सम्मान समारोह में अभिभावक और विद्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### स्कूल में टीचरों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया

# तकनीकी कौशल वर्तमान युग की आवश्यकता: प्रो0 शैलेन्द्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवतीनंदन बहुगुणा पोस्टग्रेजुएट कॉलेज, लालगंज में डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि औपचारिक शिक्षा के साथ साथ तकनीकी कौशल का ज्ञान आधुनिक युग की मांग है। डिजिटल मार्केटिंग छात्रों के लिए रोजगार का माध्यम हो सकता है। नयी शिक्षा नीति में भी इसी को ध्यान में रख कर पाठ्यक्रम बनाया गया है। डिजिटल इनफिनिट के प्रबंध निदेशक ने छात्र छात्राओं को विस्तार से डिजिटल मार्केटिंग के विषय मे बताया तथा उन्हें ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी देने को कहा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवायोजना के एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 आर0पी0 मिश्र, डॉ0 निशान्त, डॉ0 सत्येन्द्र, डॉ0 गंगाधर मिश्र, डॉ0 शिवकुमार यादव, कार्यक्रमधिकारी द्वय डॉ0 सीमा त्रिपाठी तथा डॉ0 एफ0 एन0 मिश्र आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### काशी विश्वनाथ कॉरीडोर के जश्न से सराबोर होगी संगम नगरी

**प्रयागराज।** वाराणसी में काशी कॉरीडोर के लोकार्पण के मौके पर प्रयागराज में भी जश्न होगा। यहां शहर के तमाम मंदिरों, मठों की विशेष साज सज्जा के साथ उन्हें दीयों से सजाया जाएगा। मंदिरों में घंटा, घड़ियाल तो बजेगा ही साथ ही भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी भाजपाइयों द्वारा किया जाएगा। इस बीच कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने इस विशेष आयोजन को लेकर ह्य हिंदुत्व की यही पुकार, हर हर महादेव, घर-घर महादेवह्न का नारा भी दिया है। शनिवार को राजापुर स्थित आवास पर कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि 13 दिसंबर का दिन बहुत ही खास है। काशी कॉरोडोर के लोकार्पण को यादगार बनाने के लिए ही शहर पश्चिम विधानसभा के सभी पांच मंडलों में कार्यकताओं की ओर से जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान राजरूपपुर मंडल में हनुमान मंदिर 60 फीट रोड, प्रीतमनगर में माईजी कुटी शिवमंदिर पीएसी गेट के सामने, खुल्दाबाद में काली पूजा मंदिर और जमुना पट्टी में हनुमान मंदिर घुस्सा झलवा रोड और गंगा पट्टी में शिवमंदिर में होगा। सिद्धार्थ नाथ ने बताया कि प्रयागराज ही नहीं प्रदेश भर में काशी कॉरीडोर के लोकार्पण को लेकर धार्मिक अनुष्ठान आदि आयोजन होंगे। कहा कि वह भी किसी एक मंदिर में जाकर सोमवार को रुद्राभिषेक करेंगे।

# सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 598 जोड़ों का विवाह संपन्न





मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़े और उनके परिजन तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार व मंझनपुर विधायक लालबहादुर

**अखंड भारत संदेश**

### जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु 35 हजार रुपए कन्या के खाते में की जयेगी अंतरित : सुधीर, जन प्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की महत्वा कांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शनिवार को डायट मैदान मंझनपुर विकास खण्ड परिसर सिराथू तथा विकास खण्ड परिसर चायल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 598 जोडों का विवाह सम्पन्न हुआ डायट मैदान मंझनपुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 211 जोड़े विवाह के बन्धन में बधें इसी प्रकार विकास खण्ड परिसर सिराथू में 177 तथा विकास खण्ड परिसर चायल में 210 जोडें विवाह के बन्धन में बधें डायट मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक मंझनपुर लाल बहादुर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा ईश्वर से नवविवाहित जोड़ो के दाम्पत्य जीवन को खुशहाल रखने की कामना की चायल विकासखंड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार एवं आशीर्वाद दिया है इसी तरह सिराथू विकासखंड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू भाई ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं उपहार दिया है। समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि के रूप में 35 हजार रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार हेतु आवश्यक सामग्री लडके को कपडे. लडकी को कपडे विछिया पायल कम्बल बर्तन गद्दा ट्राली बैग आदि दिया गया है उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था हेतु 06 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान है इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।

## न्यूज झरोखा

### फरियादियों की समस्या सुनने अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे कोखराज थाने



फरियादियों की समस्याएं सुनते अपर पुलिस अधीक्षक

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कोखराज थाना पहुंचे हैं और वहां पर उन्होंने थाने में मौजूद फरियादियों के एक एक प्रार्थना पत्रों को सुनकर उसे निस्तारित करने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए यदि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया तो अधीनस्थों की खैर नहीं होगी। एडिशनल एसपी ने आठ मामलों की सुनवाई करते हुए एक फरियादी की समस्या का मौके पर निस्तारण किया जबकि सात मामलों को एडिशनल एसपी ने सर्किल के लेखपालों को सुपुर्द करते हुए निर्देशित किया कि मौके पर जा कर निस्तारण करे इस मौके पर एसओ कोखराज उपेन्द्र नाथ राय कानून गो रियाज अहमद चौकी इंचार्ज,कृष्ण विंद चौकी इंचार्ज गौरव द्विवेदी, श्रवण कुमार मिश्र,मोहम्मद ,जमीर लेखपाल धर्मराज जिला मंत्री लेखपाल संघ,अमन दिलीप अनुराधा सहित इलाके के गणमान्य व्यक्ति अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना दिवस में सुनी शिकायत

शिकायतों में लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध की जाएगी कार्यवाही



महेवा घाट थाने में फरियादियों की समस्याओं को सुनते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना दिवस समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न थानों 57 प्रार्थना पत्रों को प्राप्त कर 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया व शेष बची शिकायतों के निस्तारण में लिए टीम गठित कर उनका तत्काल निस्तारण करने का आश्वासन दिया जिसमे थाना महेवाघाट व थाना पश्चिम शरीरा में पुलिस अधीक्षक द्वारा 14 जनशिकायतों को सुना गया एवं प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# व्यापारियों के लिए संवेदनशील है भाजपा सरकार : संजय गुप्ता विधायक

### आने वाले समय में व्यापारी समाज सपा नेता इंद्रजीत सरोज को जवाब जरूर देगा

**अखंड भारत संदेश**





उपस्थित लोगों को संबोधित करते चायल विधायक संजय गुप्ता और सभा में उपस्थित व्यापारी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कस्बे के नेहरू नगर रामलीला मैदान में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में पहुंचे चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने सर्वप्रथम जनरल बिपिन रावत के शहीद होने पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया है इस मौके पर उपस्थित व्यापारियों के हुजूम को संबोधित करते हुए संजय गुप्ता विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार व्यापारियों के हित के लिए हमेशा संवेदनशील है और व्यापारियों के हित में हमेशा सरकार निर्णय करती है।

उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्मस्थली आजाद होना चाहिए कि नहीं और कृष्ण जन्मस्थली आजाद होने के लिए किसकी सरकार बनाई जानी चाहिए इस पर सभा स्थल पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने हाथ उठाकर योगी सरकार बनाए जाने का समर्थन किया है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि व्यापारी स्वाभिमानी होता है उसका हमेशा देने का स्वभाव होता है लेने का उसका स्वभाव नहीं होता है व्यापारियों को समझने की जरूरत है लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने व्यापारियों की समस्याओं को नहीं समझा है जिससे व्यापारी सपा बसपा कांग्रेस से बेहद नाराज है उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में व्यापारियों के खिलाफ एक एप्लीकेशन पड़ जाती थी तो थानेदार व्यापारियों का जमकर शोषण करते थे व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संघर्षशील हैं और जब भी व्यापारियों की समस्याओं के मामले उनके संज्ञान में आई हैं उसके समाधान के लिए हमेशा लड़ाई लड़ने को तैयार है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी समुदाय पर सपा नेता पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का उन्हें अधिकार नहीं था उन्होंने व्यापारी समुदाय को सार्वजनिक मंच से अपमानित किया है और आने वाले समय में व्यापारी समाज इंद्रजीत सरोज को इसका जवाब जरूर देगा और लोकहित में सरकार बनाने के लिए व्यापारियों को संगठित होना पड़ेगा तो व्यापारी जरूर संगठित होंगे। कार्यक्रम के शुरूआत में उपस्थित व्यापारियों ने अंग वस्त्र भेंट कर माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से चायल विधायक संजय गुप्ता का स्वागत किया है कार्यक्रम के अंत में संजय गुप्ता विधायक अपने समर्थकों के साथ बच्चा हलवाई के आवास पर पहुंचे हैं जहां उनका जोरदार स्वागत भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रेमचंद चौधरी चंद्र दत्त शुक्ला अशोक केसरवानी आशीष कुमार केसरवानी बच्चा दुर्गेश कुमार गुप्ता राजेश केशरवानी अनिल केशरवानी डॉक्टर अरुण केसरवानी अन्नू केसरवानी कपड़ा वाले मूलचन्द्र मोदनवाल अंशुल केशरवानी बच्चा लाल मास्टर साहब मुकुंदी लाल केशरवानी लखन लाल केशरवानी बच्चा हलवाई अनुराग केशरवानी सुमित केशरवानी शिवेंद्र कुमार उर्फ रिंकू केसरवानी सभासद जगदीश शिवहरे सुबोध केशरवानी संतोष केसरवानी अमित केसरवानी सुभाष चंद्र मोदनवाल अमरेश कुमार उर्फ कल्लू पंडा अंकित कुमार गोलू कुमार उज्ज्वल केशरवानी मयंक नवीन वर्मा अभिषेक गुप्ता राजेश केसरवानी रामनारायण केसरवानी सुशील कुमार चट्टू भाई गुड्डू श्रीवास्तव सुरेश हलवाई अशोक हलवाई नीरज मोदनवाल मनीष कुमार रूपेंद्र शर्मा सहित सैकड़ो व्यापारी आप जनमानस गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# टैलेंट हंट की पांचवीं प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

### 12 दिसम्बर को सी पी पायलट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शतरंज रैपिड प्रतियोगिता का होगा आयोजन




टैलेंट हंट प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चे

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में टैलेंट हंट की पांचवीं प्रतियोगिता का आयोजन डी डी आर पब्लिक स्कूल भरवारी में 11 दिसंबर को किया गया है जिसमें 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया यह प्रतियोगिता 5 चरण में आयोजित की गई प्रतियोगिता के परिणाम में बालक वर्ग में पहला स्थान अमन कुमार कुशवाह को और दूसरे स्थान पर हिमांशु भारतीय रही तीसरे स्थान पर प्रिन्स कुमार और चौथा स्थान मयंक पांचवां स्थान प्राशान्त को मिला है। बालिका वर्ग में पहला स्थान वैश्नवी विश्वकर्मा को दूसरे स्थान पर विषाखा विश्वकर्मा रही सचिव ने बताया कि टैलेंट हंट के माध्यम से जिले में नये योग्य खिलाड़ियों को जिसके प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किया जायेगा। सचिव ने बताया अब तक 5 प्रतियोगिता में 30 बच्चों का चयन किया जा चुका है पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रबंधक पुष्पा विश्वास द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में सचिव राघवेंद्र शुक्ला विघालय के योगेश कुमार और अंकित कुमार मौजूद रहे हैं आयोजन का संचालन आर्बिटर सुनील कुमार केसरवानी ने किया सचिव ने बताया कि 12 दिसम्बर को सी पी पायलट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शतरंज रैपिड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### चोरी की साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विकास उर्फ चतू पुत्र जयकरन निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से चोरी की साइकिल बरादम कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के दृष्टिगत अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बिरन पुत्र झिगड़े निवासी गाजी का पुरवा सिराथू थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कडाधान पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त मो० अफसार पुत्र शकील अहमद निवासी अम्बाई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सपा बसपा भाजपा सभी पार्टियां है किसान विरोधी : प्रमोद लोधी

**अखंड भारत संदेश**




लोधी समाज की बैठक में मंचासीन पार्टी नेता गण

**ओसा कौशाम्बी।** सबका दल यूनाइटेड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी ने सिराथू विधानसभा के घाटमपुर में एक विशाल रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोग गुमराह करने का काम करते है। उन्होंने कहा था कि सभी के बैंक खाते में 15 लाख आएंगे उन्होंने उपस्थित लोगों की ओर इशारा करते हुए सवाल किया कि रुपए आए क्या नहीं आए तो झूठ बोला कि नहीं उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी ने कहा कि जब एक माचिस बनाने वाला सुई बनाने वाला अपने सामान का रेट तय करता है तो किसान जो दिन रात मेहनत करके खून पसीना एक करता है तो अपनी फसल का रेट क्यो नही तय कर सकता।

उपस्थित भीड़ को सम्बोधित करते हुए प्रमोद लोधी ने कहा कि जब किसान डीजल खाद बीज दवा नगद खरीदता है। तो किसानों का धान गेहू नगद बिकना चाहिए या नही हमारी सरकार बनी तो किसानों का माल नगद खरीदा जाएगा एक हाथ से ले और एक हाथ से दे सपा,बसपा भाजपा पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि यह सारी पार्टियां किसानों के हितों की बात करती हैं मजदूरों की तो बात करती हैं लेकिन जब टिकट की बात आती है तो किसी मजदूर को टिकट नहीं देती सबका दल यूनाइटेड की सरकार बनी तो गरीब मजदूर को टिकट मिलेगा भाजपा के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के रहते कशाम्बी का विकास जो होना चाहिए वह नहीं हो सका है एक भी फैक्ट्री नही लगी जिससे कौशाम्बी के लोग रोजी रोटी के लिए बाहर जाने को मजबूर है।

### अपनी फसल का रेट क्यो नही तय कर सकता किसान

प्रमोद लोधी ने ओसा मंडी का जिक्र करते हुए तत्कालीन कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज पर हमलावर होते हुए कहा कि मंडी बनाने में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। जिन किसानों ने अपनी जमीने मंडी के लिए दी उनको सही मुवावजा भी नही मिला जमीने जाने से कुछ किसान बर्बाद हो गए सरकार को चाहिए था मंडी में जमीन देने वाले किसानों को एक एक नौकरी दे देते तो उसका भी गुजारा हो जाता। हमारी सरकार बनी तो मंडी में हुए भ्रष्टाचार की जांच करा कर सही मुआवजा दिलाने का काम करेगी अध्यक्ष दिलीप लोधी के नेतृत्व में आयोजित रैली को सफल बताते हुए प्रमोद लोधी ने आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में ज्ञान सिंह लोधी को सिराथू विधानसभा से जिताने का आवाहन किया।

# रामलीला मैदान करारी में बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

### कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटे बसपाई, भारी भीड़ एकत्रित होने की संभावना

**अखंड भारत संदेश**



बसपा सम्मेलन की तैयारी करते पार्टीजन

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी रविवार को करारी के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी में जुट गई है। इतना ही नहीं कार्यक्रम में विशाल भीड जुटाने के लिए बसपाईयों ने जनता के बीच पूरी ताकत भी झोंक रक्खी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सेक्टर प्रभारी मिजार्पुर मंडल अशोक गौतम व पूर्व मंत्री बाबूलाल भौंरा कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। बसपा की मंझनपुर विधान सभा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने बताया कि रविवार को करारी के रामलीला मैदान में विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जहां वह भीड जुटाने के लिए जनता के बीच अपील कर रही हैं वहीं कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए बसपा के पदाधिकारी पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। मंझनपुर विधान सभा के दर्जनों गांवों का दौरान करते हुए डॉ. नीतू कनौजिया ने करारी रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विशाल कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए अपील किया। वहीं बसपा सुप्रिमो मायावती के उद्देश्यों और बसपा की नीतियों के बारे में जनता को जागरूक किया बसपा पार्टी जिलाध्यक्ष संतोष गौतम, वरिष्ठ बसपा नेता महेंद्र गौतम, राजू गौतम के अलावा पदाधिकारियों द्वारा मंझनपुर विधान सभा के गांवों में दौराकर लोगों से रूबरू होते हुए कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील किया है।

# न्यायालय के आदेश पर 8 महीने बाद भी नहीं पूरी हुई विवेचना

**कौशांबी।** करारी थाना पुलिस की लापरवाही का आलम यह है कि अदालत के आदेश पर 8 महीने बाद भी उसकी मारपीट की विवेचना नहीं पूरी हो सकी है बताया जाता है कि करारी कस्बे में ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले विद्या प्रकाश साहू को गांव के ही पंकज कुमार अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर 7 मार्च 2021 को दिनदहाड़े बीच चौराहे पर गुंडागर्दी करते हुए मारपीट किया था मामले में करारी थाने में एनसीआर संख्या 14 सन 2021 पर शिकायत दर्ज है इस मामले में विद्या प्रकाश साहू ने सिविल जज जूनियर डिविजन न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद संख्या 49 सन 2021 दाखिल कर एनसीआर की विवेचना कराए जाने का अनुरोध किया जिस पर अदालत ने 20 मार्च 2021 को थाना अध्यक्ष करारी को एनसीआर की विवेचना करने का निर्देश दिया लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी करारी थाना पुलिस एनसीआर की विवेचना में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है जिससे करारी पुलिस की लापरवाही और आरोपियों से संलिप्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## कोरोना के दृष्टिगत पुलिस ने वसूला जुर्माना

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 105 वाहनों का ई चालान किया गया व 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शूल्क वसूला गया


# कार्यालय ग्राम पंचायत मोहद्दीपुर कोरांव विकास खण्ड कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कौशांबी विकासखंड के मोहद्दीपुर कोरांव ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहद्दीपुर कोरांव में खूंटी के घर से देवीदीन के घर तक पक्की नाली निर्माण वा इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख 19 हजार 911 रुपए छाछट पैसे स्वीकृति है इसी तरह दूसरा कार्य दुःखी के घर से गुड्डू के घर तक पक्की नाली का निर्माण व इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की लागत 3 लाख 19 हजार 9 सौ 01 रुपए 42 पैसे स्वीकृति है इसी तरह तीसरा कार्य पक्की सड़क से राम सुमिरन के घर तक पक्की नाली निर्माण वा इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की लागत 3 लाख 16 हजार 4 सौ 64 रुपए 49 पैसे स्वीकृति हैं इसी तरह चौथा कार्य रामसुख के घर से राजेश के घर तक पक्की नाली निर्माण वा इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की लागत 3 लाख 20 हजार 2 सौ 45 रुपए 16 पैसे स्वीकृत है।

उक्त कार्यों के लिए पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किये जाते है 12 दिसम्बर 2021 से 19 दिसम्बर 2021 तक टेंडर फार्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे और 20 दिसम्बर 2021 को 12 बजे दिन में ग्राम पंचायत भवन में टेंडर खोला जाएगा।

**सीमा त्रिपाठी**
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत
मोहद्दीपुर कोरांव विकास खण्ड
कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी

**सत्येंद्र सिंह**
ग्राम पंचायत सचिव मोहद्दीपुर
कोरांव विकास खण्ड कौशाम्बी
जनपद कौशाम्बी

## सम्पादकीय

# सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगी किसानों की जीत

एक साल से भी अधिक समय से अपने हक की लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ रहे किसानों को आखिरकार सफलता मिल ही गई है। कृषि कानूनों की वापसी के बाद अब केंद्र सरकार ने किसानों की कई और महत्वपूर्ण मांगों पर लिखित आश्वासन दे दिया है। कृषि सचिव संजय अग्रवाल की ओर से किसानों को भेजी गई चिट्ठी में पांच महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति दी गई है। ये पांच मांगें हैं-

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी- केंद्र सरकार इसे लेकर एक किसान समिति बनाएगी जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि लिए जाएंगे। जिन फसलों पर अभी एमएसपी मिल रहा है वो जारी रहेगा।

2. किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी- हरियाणा, उप्र, उत्तराखंड सरकार मुकदमों की वापसी पर सहमत हो गई हैं। दिल्ली, अन्य प्रदेश और रेलवे भी तत्काल मुकदमों की वापसी करेंगे।

3. मुआवजा- उप्र और हरियाणा में सहमति बन गई है। पंजाब की तर्ज पर यहां भी पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

4. बिजली विधेयक- किसानों पर असर डालने वाले प्रावधानों पर पहले सभी पक्षों के साथ चर्चा होगी। किसान मोर्चा से चर्चा होने के बाद ही विधेयक संसद में पेश किया जाएगा।

5. पराली- भारत सरकार ने जो कानून पारित किए हैं उसकी धारा 14 और 15 के तहत किसानों पर कार्रवाई नहीं होगी।

जिन मानसिक, शारीरिक और आर्थिक कष्टों को उठाकर किसानों ने अपना संघर्ष जारी रखा और तमाम तकलीफों के बावजूद अपने आंदोलन से डिगे नहीं, उस लिहाज से किसानों के लिए यह बड़ी जीत है। किसानों ने देश को यह दिखला दिया कि मजबूत इरादों से किस तरह सफलता हासिल की जाती है। नरेन्द्र मोदी ने देश में जब से सत्ता संभाली है, उनकी छवि ऐसी ही बनाई गई है कि वे अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते। लेकिन किसानों ने उन्हें अपने फैसले को वापस लेने पर बाध्य किया, यह बड़ी बात है। अच्छा है कि वक्त की नजाकत देखते हुए प्रधानमंत्री ने लचीला रुख अपनाया। सरकार में हठधर्मी नहीं चलती है, यह मोदीजी भी समझते हैं। भले ही उन्होंने विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पहले कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया, फिर किसानों की अन्य मांगों पर भी गौर फरमाया, लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, उनसे इसी तरह के व्यवहार की उम्मीद थी। किसान इस देश के ही नागरिक हैं, कोई दुश्मन नहीं हैं, जिनसे एक साल लंबी लड़ाई सरकार लड़ रही थी। कृषि कानून पारित करवाने के सरकार के जो भी तर्क थे, अगर वे किसानों को अपने लिए सही नहीं लग रहे थे, तो सरकार का यह फर्ज था कि वह तभी कोई मध्यममार्ग निकालती। लेकिन सरकार ने शुरूआत में जो कड़ा रवैया दिखाया, उसके बाद हालात बिगड़ते चले गए। पूर्वाग्रहों के साथ सरकार और किसानों के बीच वार्ताएं हुईं, जिनका नतीजा सिफर ही रहना था। इसके बाद आंदोलन को लेकर तथाकथित राष्ट्रवादियों ने बेसिरपैर की बयानबाजी और हंगामे किए, किसानों पर अनावश्यक लांछन लगे। और इन सब में शक की उंगली सरकार पर ही उठी कि उसकी शह पर किसानों को मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार अगर किसानों को अपशब्द कहने वालों को पहले ही खामोश करा देती तो उसकी किसान विरोधी छवि न बनती। लेकिन सरकार ऐसा करने से चूक गई, बल्कि कई किसानों पर, और आंदोलन के समर्थन में खड़े हुए कुछ लोगों पर मुकदमे चले, अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिनाम लोगों पर ट्रोल आर्मी ने कीचड़ उछाला। इन सबसे भी सरकार की छवि खराब हुई। चुनावों में इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा और आगे भी बड़ा नुकसान हो सकता था। इसलिए अब नरेन्द्र मोदी ने बिगड़ी बातों को सुधारने की पहल की। अगर शुरू से उन्होंने दूरदर्शिता दिखलाई होती, उनके सलाहकारों ने उन्हें सही सलाह दी होती, तो आज हालात दूसरे होते। अभी तो नरेन्द्र मोदी अवसरवादी प्रधानमंत्री की तरह दिख रहे हैं, जो अपनी पार्टी की जीत के लिए अपने ही फैसलों से पलट रहे हैं। खैर, देर आए, दुरुस्त आए। सरकार ने अपने रुख में लचीलापन दिखलाया है, तो अब किसान संगठनों ने भी नरमी दिखलाई है। अब किसान आंदोलन स्थगित कर दिया गया है और 11 दिसंबर से दिल्ली की सीमाओं को खाली कर किसान अपने घरों को लौट जाएंगे। इसी दिन किसान फतह मार्च निकालेंगे और 15 तारीख को स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकेंगे। अगले साल 15 जनवरी को संयुक्त किसान मोर्चे की एक समीक्षा बैठक होगी, जिसमें यह देखा जाएगा कि सरकार ने वादे किस तरह पूरे किए और अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर से आंदोलन शुरू हो सकता है। मगर फिलहाल जो हालात बने हैं, उसमें किसान आंदोलन एक बड़ी जीत के साथ खत्म नज़र आ रहा है। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह जीत सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगी।

# संसद में लोकतंत्र की जगह

**सर्वमित्रा सुरजन**

सरकार ने अपनी कार्यशैली इस तरह बना ली है कि संसद में विपक्ष आवाज उठाने पर मजबूर हो जाए और फिर उस आवाज को हंगामे का कारण बताकर या तो सदनों की कार्रवाई स्थगित हो जाए या फिर सरकार अपने बहुमत का लाभ उठाकर मिनटों में कोई भी विधेयक पारित करवा ले। बिना पर्याप्त चर्चा के ही तमाम विधेयक पारित किये जा रहे हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता घटती जा रही है। इस पर संविधान विशेषज्ञों और न्यायाधीशों ने भी चिंता जतलाई है। पिछला सत्र सरकार और विपक्ष रस्साकशी में बर्बाद हो गया।

संसद भवन में लिफ्ट संख्या 4 के निकटवर्ती गुम्बद पर संस्कृत का एक श्लोक उकेरा हुआ है-

**सर्वदा, स्नान्नृपः प्राज्ञः, स्वमते न कदाचन।**
**सभ्याधिकारिप्रकृति, सभासत्सुमते स्थितः।।**

इसका हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है कि 'शासक सदा बुद्धिमान होना चाहिए, परन्तु उसे स्वेच्छाचारी कदापि नहीं होना चाहिए, उसे सब बातों में मंत्रियों की सलाह लेनी चाहिए, सभा में बैठना चाहिए और शुभ मंत्रणानुसार चलना चाहिए।' संसद भवन की दीवारों पर और भी इसी तरह के नीतिसम्मत उद्धरण अंकित है। हमें यकीन है कि संसद की ड्योढ़ी पर माथा नवाने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने कभी सिर उठाकर इन बातों को पढ़ा नहीं होगा। प्रधानमंत्री व्यस्त रहते हैं, उन्हें यह सब पढ़ने की फुर्सत भी नहीं होगी। ऐसे में उनके सलाहकारों का यह दायित्व बनता है कि वे उन्हें भारतीय लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान करने वाली इन बातों से परिचित कराएं। अन्यथा प्रधानमंत्री देश-दुनिया में लोकतंत्र पर जो बड़े-बड़े भाषण देते हैं, वे खोखले साबित होंगे। क्योंकि प्रधानमंत्री जब भारत में लोकतंत्र की प्राचीन जड़ों का उल्लेख करते हैं और गर्व करते हैं कि भारत में आदिकाल से लोकतांत्रिक पद्धति चली आई है, तब उनसे यह सहज ही अपेक्षा भी बंधती है कि वे अपने शासन में लोकतंत्र की मिसालें कायम करें। और जब ऐसा नहीं होता है तो लोकतंत्र के प्रति नरेन्द्र मोदी की आस्था सवालों के घेरे में आ जाती है। काश कि मोदीजी ने इस बात को पढ़ा होता और व्यवहार में उतारा होता कि शासक को स्वेच्छाचारी कदापि नहीं होना चाहिए, उसे सब बातों में मंत्रियों की सलाह लेना चाहिए। अगर वे ऐसा करते तो आज संसद में देश की बेहतरी के लिए काम हो रहे होते, न कि मनमानी चलती रहती। इस शीतकालीन सत्र का पहला दिन लोकसभा और राज्यसभा में किस तरह गुजरा, इसे याद कीजिए, कृषि कानून निरसन अधिनियम, 2021 कुछ मिनटों में ही दोनों सदनों में पारित हो गया। इससे किसान आंदोलन की एक बड़ी मांग तो पूरी हो गई कि तीन कृषि कानून यानी 'मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अधिनियम 2020 पर किसान (सशक्तिकरण और संरक्षण) समझौता'; 'कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्द्धन एवं सरलीकरण) विधेयक, 2020' और 'आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020' खारिज हो गए। लेकिन कुछ सवाल वहीं के वहीं रह गए। जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार क्या सोचती है, जिन किसानों को अब तक खालिस्तानी, देशद्रोही कहा जाता रहा, उन्हें किसान भी नहीं माना गया, उन्हें अब सरकार ने किस तरह किसान माना। अगर संसद में कानूनों को खारिज करने पर चर्चा होती तो विपक्ष ये सारे सवाल उठाता, लेकिन सरकार ने ऐसी कोई गुंजाइश ही खत्म कर दी। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सही ट्वीट किया है कि, 'जितना कृषि कानून को पास कराना अलोकतांत्रिक था, उससे ज्यादा अलोकतांत्रिक इसके वापसी का तरीका है'। वैसे कृषि मंत्री ने ऐलान भी किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और दूसरी मांगों पर विचार के लिए कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें किसान प्रतिनिधि भी सदस्य होंगें। किसानों ने भी पांच नाम तय कर दिए हैं। लेकिन ये कमेटी कब बनेगी, सरकार की ओर से इसमें कौन रहेगा और किस तरह इस कमेटी की कार्रवाई आगे होगी, इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।

कृषि मंत्री तो शायद ये भी नहीं बतला सकेंगे कि तीनों कानूनों को बनाने के लिए कौन सी कमेटी बनी थी, क्या उसमें किसान संगठनों की ओर से किसी को शामिल किया गया था और किसकी मंत्रणा से ये कानून बने। कोई आश्चर्य नहीं अगर कुछ सालों बाद ये पता चले कि कृषि मंत्री को भी इन कानूनों के पारित होने से पहले खास जानकारी नहीं थी। क्योंकि नरेन्द्र मोदी के काम करने की शैली ऐसी ही है कि वे हर काम खुद करने पर यकीन रखते हैं। इसलिए नोटबंदी से लेकर जीएसटी और लॉकडाउन से लेकर कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान जैसे सारे काम उन्होंने खुद किए, इन विभागों के संबंधित मंत्रियों को इन फैसलों को सुनाने के लिए आगे नहीं आने दिया। कैमरे के सामने प्रधानमंत्री कहते हैं कि संसद में हरेक विषय पर चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन कृषि कानूनों के अलावा भी उनके सात सालों के कार्यकाल में कई ऐसे मौके आए, जब प्रधानमंत्री संसद में या तो चर्चा के लिए मौजूद नहीं रहे या फिर अपनी उपस्थिति के बावजूद विपक्ष के सवालों का जवाब देना जरूरी नहीं समझा। पिछले मानसून सत्र में ही बेरोजगारी, महंगाई, टीकाकरण, किसान आंदोलन के साथ-साथ पेगासस जासूसी कांड जैसे कई मुद्दे रहे, जिन पर विपक्ष सरकार से चर्चा की मांग कर रहा था। लेकिन सरकार कई मुद्दों पर चर्चा से बचती दिखी। पेगासस मामले में तो संसद के दोनों सदनों में रोज विपक्ष सवाल उठाने की कोशिश करता रहा, लेकिन सत्तापक्ष ने उसकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने दिया। नतीजा ये रहा कि संसद की कार्रवाई रोज बाधित होती रही। केवल एक बार रक्षा राज्यमंत्री, अजय भट्ट ने जवाब दिया कि रक्षा मंत्रालय ने एनएसओ ग्रुप टैक्नोलॉजी से कोई लेन-देन नहीं किया है। गौरतलब है कि पेगासस स्पाइवेयर को एनएसओ ने ही बनाया है। ये जवाब भी इसलिए आया, क्योंकि राज्यसभा सांसद डॉक्टर वी. सिवादासन ने रक्षा बजट को लेकर लिखित सवाल पूछा था और इसके साथ ही उन्होंने रक्षा मंत्रालय से ये भी सवाल पूछा कि क्या सरकार ने एनएसओ के साथ भी कोई ट्रांजेक्शन किया है।

अब सोचने वाली बात ये है कि देश में जासूसी का काम अधिकृत तौर पर जिन एजेंसियों के हवाले है, वो प्रधानमंत्री कार्यालय और गृहमंत्रालय के तहत काम करती हैं। इसलिए पेगासस के जरिए जासूसी पर भी प्रधानमंत्री या गृहमंत्री से जवाब की उम्मीद थी। मगर जवाब आया रक्षा राज्यमंत्री की ओर से। जबकि पेगासस जासूसी कांड से जुड़े कई गंभीर सवाल नागरिकों को परेशान कर रहे हैं। और सरकार का जो रवैया है, उससे यही लगता है कि इन सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाएंगे। सरकार ने अपनी कार्यशैली इस तरह बना ली है कि संसद में विपक्ष आवाज उठाने पर मजबूर हो जाए और फिर उस आवाज को हंगामे का कारण बताकर या तो सदनों की कार्रवाई स्थगित हो जाए या फिर सरकार अपने बहुमत का लाभ उठाकर मिनटों में कोई भी विधेयक पारित करवा ले। बिना पर्याप्त चर्चा के ही तमाम विधेयक पारित किये जा रहे हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता घटती जा रही है। इस पर संविधान विशेषज्ञों और न्यायाधीशों ने भी चिंता जतलाई है। पिछला सत्र सरकार और विपक्ष रस्साकशी में बर्बाद हो गया। जबकि इस बार विपक्ष फिर पूरी तैयारी में था कि उसे कौन से सवाल सरकार के सामने उठाने हैं, तो राज्यसभा में 12 सांसदों के निलंबन का मसला विपक्ष के सामने खड़ा हो गया और एक बार फिर संसद में हंगामा शुरू हो गया है। राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा था कि संसद के उच्च सदन में कार्यवाही में बाधा के लिए सरकार जिम्मेदार है। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने निलंबन के फैसले की आलोचना की है। राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सदस्य 12 सदस्यों के निलंबन के फैसले को अलोकतांत्रिक बता रहे हैं। लेकिन मजाल है कि मोदी सरकार इन शिकायतों को सुने या उन पर गौर फरमाए। सरकार की इस मनमानी को देखकर संशय होता है कि पुराने संसद भवन की तरह कहीं लोकतंत्र को भी पुराना बताकर संग्रहालय में न रख दिया जाए। नए संसद भवन में जाने की हड़बड़ी नरेन्द्र मोदी को है, लेकिन वह आलीशान इमारत लोकतंत्र का स्मारक बन कर न रह जाए, इस बात का डर बना हुआ है। नए संसद भवन की दीवारों पर न जाने कौन से महापुरुषों के चित्रों को जगह मिलेगी और उन पर क्या लिखा रहेगा। फिलहाल पुराने संसद भवन की लिफ्ट संख्या 5 के निकटवर्ती गुम्बद पर फारसी में जो लिखा है, उसे भी पढ़ लिया जाए कि-

**बरी रूवाके जेबर्जद नविश्ता अन्द बेर्ज,**
**जुज निकोई-ए-अहले करम नख्वाहद् मान्द।।**

अर्थात- 'इस गौरवपूर्ण मरकत मणि समान भवन में यह स्वर्णाक्षर अंकित हैं। दानशीलों के शुभ कामों के अतिरिक्त और कोई वस्तु शाश्वत नहीं रहेगी।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग को जल्दबाजी में प्रतिबंधित न करे सरकार

**अजीत रानाडे**

यदि यह संदेह हो कि क्रिप्टो लेन-देन देश की सीमाओं को पार करते हैं व पूंजी बाहर जा रही है तो यह याद रखना होगा कि यह पहले से ही सोने के वार्षिक आयात के माध्यम से हो रहा है। जब तक यह अनुपात राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के आकार की तुलना में कम है तब तक चिंतित होना समय से पहले और मूर्खतापूर्ण है। दरअसल, क्रिप्टो बाजार की सक्रिय उपस्थिति अधिकारियों के लिए संप्रभु मुद्रा पर निम्न मुद्रास्फीति तथा लोगों का उच्चतर विश्वास स्थिर बनाए रखने के लिए एक चुनौती है। लंबे समय के बाद एक रेस्त्रां में दोस्तों के साथ जाना बड़ा सुखद अनुभव था। शानदार भोजन के बाद जब बिल आया तो हमारे माथे पर बल पड़ गये, लेकिन सोचा कोई बात नहीं। बिल के साथ वेटर ने पांच-पांच सौ के दो वॉउचर भी दिए। हमने पूछा कि ये क्या है, तो उसने कहा कि जब आप अगली बार यहां आएंगे तो इनका उपयोग कीजियेगा। इसकी कोई एक्सपायरी डेट नहीं है। इसके अलावा इन्हें आप किसी को भी दे सकते हैं। ग्राहक की वफादारी और उसे अपने यहां दोबारा बुलाने का यह अभिनव तरीका था। क्या होगा अगर मैं इसे किसी दोस्त को दे दूं या क्या होगा अगर मैं इसे किसी अजनबी को डिस्काउंट में, समझिए कि इसकी मूल कीमत 500 रुपये की बजाय आधी कीमत पर 'बेच' दूं? अथवा क्या होगा अगर मैं इसे सोशल मीडिया पर बिक्री के लिए डाल दूं और मुझे इसकी अच्छी बोली मिल जाये? क्या इस तरह का लेन-देन गैरकानूनी है? क्या नकदी के लिए एक वॉउचर को बेचना देश की मौद्रिक नीति को प्रभावित कर सकता है? क्या इससे भारतीय रिजर्व बैंक की मुद्रा संप्रभुता को नुकसान पहुंचता है? ये सवाल सरल नहीं हैं। 1970 में रेमन बोनस टिकट के नाम का एक उपक्रम शुरू किया गया था। आप इन टिकटों को हर खरीदारी पर पा सकते थे। इन्हें उपहारों की तरह भी दिया जा सकता था या अपने दोस्तों को दे सकते थे। कुछ रेमन टिकट संग्राहकों द्वारा इन्हें असली पैसों के लिए बदलने की संभावना भी नकारी नहीं जा सकती। यह एक बड़ी सफलता थी परन्तु जल्द ही कुछ उद्यमियों ने सिर्फ 'बोनस टिकटों' की छपाई शुरू कर दी जिसके समानांतर मुद्रा बनने का खतरा बन गया। इसलिए रेमन बोनस टिकट योजना को रोकना पड़ा। आज के जमाने में होलोग्राम या क्यूआर-कोड प्रमाणीकरण से जालसाजों का पदार्फाश हो जाता है पर उन दिनों होलोग्राम या क्यूआर-कोड अस्तित्व में नहीं थे। हाल ही में रेस्तरां वाउचर से यह जाहिर होता है कि ग्राहकों की निष्ठा पाने के कार्यक्रम बच गए हैं।

आप वफादारी पर अंक कमाते हैं, फिर चाहे वे एयरलाइनों के उपयोग से मिलें या क्रेडिट कार्ड से खरीदी अथवा अमेजन पर सामान खरीदने पर मिले हों। आप इनका माल खरीदने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं या आप चाहें तो इनके जरिए चैरिटी भी कर सकते हैं। अमेजन की तरह कुछ पर्स बन गए हैं जो कई अन्य वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है पर जरूरी नहीं कि वे उस स्रोत कंपनी से जुड़े हों जिन्होंने ये पर्स बनाए हैं। प्रीपेड वॉलेट के कारण नए नियम बनाने की जरूरत है लेकिन उस पर रोक नहीं लगानी चाहिए। अब क्रिप्टो मुद्राओं की नई दुनिया के बारे में सोचें। क्रिप्टो मुद्रा अभी तक संप्रभु मुद्रा को प्रस्थापित नहीं कर पाई है इसलिए यह पारिभाषिक शब्दावली दुर्भाग्यपूर्ण है तो है तथापि इनकी उत्पत्ति ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी आधारित बिटकॉइन से है जिसके संस्थापक संप्रभु आधिकारिक मुद्रा के एकाधिकार के खिलाफ विद्रोह करना चाहते थे इसलिए इसका 'मुद्रा' उपनाम अटक गया है। सवाल यह है कि पुराने दिनों के रेमन बोनस टिकटों या अमेजन पे टाइप वॉलेट के रेमन बोनस टिकटों के विपरीत क्रिप्टो मुद्राओं के बारे में व्यवस्था को इतनी चिढ़ क्यों हैं?

भारत की संसद में जल्दी ही एक विधेयक पेश किया जाने वाला है जिसका उद्देश्य सभी निजी क्रिप्टो मुद्राओं पर प्रतिबंध लगाना है। क्रिप्टो करेंसी की संख्या भारत में यदि सैकड़ों में नहीं है तो भी दर्जनों में जरूर है। चीन, वियतनाम, मोरोक्को और बोलीविया जैसे देशों ने निजी क्रिप्टो मुद्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया है किन्तु अन्य देशों में इन क्रिप्टो-परिसंपत्तियों का भारी कारोबार होता है। क्रिप्टो मुद्राओं के व्यापार और स्वामित्व का प्रमाणीकरण वितरित इलेक्ट्रॉनिक अपरिवर्तनीय लेजर पर आधारित है और दुनिया भर में दोहराया जाता है। इसे विकेंद्रीकृत ब्लॉकचेन तकनीक के रूप में भी जाना जाता है। जिस तरह हमारा आधार नंबर सरकार द्वारा उच्च सुरक्षा के साथ रखे एक दूरदराज के सर्वर से तुरंत प्रमाणित हो जाता है उसी तरह क्रिप्टो प्रमाणीकरण काम करता है। फिर भी यह प्रमाणीकरण किसी भी केंद्रीय प्राधिकरण या किसी भी सरकार पर निर्भर नहीं करता है। यह क्रिप्टोग्राफी के परिष्कृत गणित और एल्गोरिदम पर आधारित है। सबसे होशियार साइबर विशेषज्ञ या हैकिंग में कुशल व्यक्ति भी क्रिप्टो एसेट ओनरशिप की सुरक्षा को क्रैक नहीं कर सकते हैं। यही वजह है कि यह पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से निवेशकों का पसंदीदा बन गया है।

क्रिप्टो सिक्कों का 'खनन' एल्गोरिदम द्वारा किया जाना चाहिए और उनकी केवल एक सीमित संख्या हो सकती है। किसी भी व्यक्ति को उस निर्धारित सीमा से अधिक नहीं दिये जा सकते। सबसे शुरूआती बिटकॉइन है जिसकी उद्धृत 'कीमत' 65 हजार डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गई। जेपी मॉर्गन विश्लेषकों के अनुसार इसका लक्षित मूल्य 1.2 लाख डॉलर तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि यह अधिक लाभ की आशा रखने वाले निवेशकों को बहुत आकर्षित करता है तथा यह अत्यंत अस्थिरता का कारण भी है। क्रिप्टो एसेट उन्माद ने भारतीय निवेशकों को भी प्रभावित किया है। एक अनुमान के अनुसार 2 करोड़ भारतीयों ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये के सामूहिक अनुमानित मूल्य के साथ निवेश किया है। हाल ही में टी-20 क्रिकेट विश्व कप के दौरान क्रिप्टो एक्सचेंजों ने टेलीविजन विज्ञापनों पर करीब 50 करोड़ रुपए खर्च किए थे। अखबारों के पहले पन्नों पर भी विज्ञापन दिए गए थे जिनमें क्रिप्टो को 'आपके निवेश के मूल्य को दोगुना' के रूप में विज्ञापित किया गया था। यही वजह है कि प्रधानमंत्री को भी सतर्कता का नोट जारी करना पड़ा। बहरहाल, वे क्रिप्टो संपत्तियों का नहीं बल्कि भ्रामक विज्ञापनों का जिक्र कर रहे थे। इस बात पर आश्चर्य नहीं हुआ कि विज्ञापनों के 'सुर' में बदलाव आया, पर इसके बाद यह संभावना आई कि भारत सरकार क्रिप्टो मुद्राओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा सकती है। इससे निवेशक डर गये और क्रिप्टो करेंसी के मूल्य में आधे से ज्यादा की गिरावट आई। यह देखते हुए कि यह ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है जो अनुबंधों की सुरक्षा बढ़ाने, सीमा पार लेन-देन में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इसलिए यह भारतीय रिजर्व बैंक की जल्द ही डिजिटल मुद्रा शुरू करने का आधार भी होगा। इन सब बातों को देखते हुए प्रतिबंध लगाने का कदम केवल क्रिप्टो परिसंपत्ति, व्यापार और स्वामित्व पर लगाने के लिए उठाया जाता है, तो मूर्खतापूर्ण और सोचे-समझे बिना उठाया गया कदम होगा। यदि लोग अपनी कुछ बचत को क्रिप्टो में निवेश करते हैं तो यह कुछ ऐसा ही है जैसा वे सोने में निवेश करते हैं। इससे न तो संप्रभु मुद्रा की स्थिरता को खतरा है और न ही यह मौद्रिक नीति को निष्क्रिय करता है। लोग अप्रत्याशित मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बचाव के रूप में सोने में निवेश करते हैं। यह मुद्रास्फीति की स्थिति में अविश्वास व्यक्त करने का उनका तरीका है। इसलिए यदि लोग क्रिप्टो मुद्राओं की ओर रुख करते हैं तो यह आंशिक अविश्वास या संप्रभु मुद्रा की स्थिरता में संदेह व्यक्त करने जैसा है। डिजिटल व्यवसाय का पता रखने एवं जैसे शेयर बाजारों पर सुरक्षा लेनदेन 'कर' लगाया जाता है, कुछ उसी प्रकार के 'कर' लगाकर राजस्व जुटाने के लिए भी क्रिप्टो मुद्राओं के व्यापार को विनियमित करना बेहतर है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्वीकृति बढ़ने के साथ वास्तविक वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है किन्तु उसे भी विनियमित किया जा सकता है। निश्चित रूप से पर्याप्त सतर्कता तकनीक के जरिए आतंकवाद या ड्रग्स निधि के लिए इसके उपयोग पर रोक लगाई जा सकती है। यदि यह संदेह हो कि क्रिप्टो लेन-देन देश की सीमाओं को पार करते हैं व पूंजी बाहर जा रही है तो यह याद रखना होगा कि यह पहले से ही सोने के वार्षिक आयात के माध्यम से हो रहा है। जब तक यह अनुपात राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के आकार की तुलना में कम है तब तक चिंतित होना समय से पहले और मूर्खतापूर्ण है। दरअसल, क्रिप्टो बाजार की सक्रिय उपस्थिति अधिकारियों के लिए संप्रभु मुद्रा पर निम्न मुद्रास्फीति तथा लोगों का उच्चतर विश्वास स्थिर बनाए रखने के लिए एक चुनौती है। यह क्रिप्टो उन्माद फैलने से रोकने के लिए सबसे असरकारक उपाय है।

# सरकारी बसों से नेता-नौकरशाह क्यों नहीं चलते?

**पुष्परंजन**

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जिस पांडव नगर इलाके में रहा करते थे, वहां एक संजय झील है। इस झील से गुजरती केवल तीन सौ फीट लंबी एक सड़क विगत तीन साल में तैयार नहीं हो सकी। चुनांचे, 'वन वे रोड से टू वे ट्रैफिक' विश्व के सबसे स्मार्ट सिटी में बदस्तूर जारी है। इससे भी बदतर रोड कंडीशन लक्ष्मी नगर के विकास मार्ग पर है। चकाचक दुकानों तक पहुंचने के वास्ते पथरीले, ऊबड़-खाबड़ रोड से गुजरिये। टीवी पर एक विज्ञापन बड़ा आकर्षित करता है। एक पिता अपनी बेटी से कहता है, 'आज मैं ऑफिस कार से नहीं, पब्लिक ट्रांस्पोर्ट से जाऊंगा।' स्वच्छ हवा के लिए दिल्ली सरकार द्वारा जनहित में जारी यह विज्ञापन स्टेटस सिंबल में आकंठ डूबी पीढ़ी के लिए संदेश देता है। उससे पहले 14 नवंबर को 2021 को टीवी पर और ट्वीट के जरिये तमाम लोगों ने देखा, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अपने चिर- परिचित मुस्कान के साथ साइकिल चलाते कार्यालय की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। इसका नाम 'राहगिरी कार्यक्रम' रखा गया है। पहली नजर में लगा कि सिसोदिया के रोजमर्रे में साइकिल से कार्यालय जाना शामिल हो चुका है। बकलोल टाइप भावुक भक्तों ने मान भी लिया इसे। मगर नहीं, यह कुछेक मिनट के वास्ते वेस्ट विनोद नगर की फ्लैग ऑफ रैली थी, जिसका आगाज मनीष सिसोदिया कर रहे थे। आप पूछ लीजिए, दिल्ली के कितने मंत्री और अफसर साइकिल से दफ्तर जाते हैं? साइकिल छोड़ें, उसमें वीवीआईपी का समय बर्बाद होता है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट से कितने नेता-नौकरशाह अपने कार्यालय प्रस्थान करते हैं? उत्तर, जीरो बटा सन्नाटा है। मैं यह मानता हूं, दिल्ली में स्कूल, डिस्पेंसरी सरकार ने शानदार बनवा दिये। मगर, विज्ञापन देने वाले बता दें, कितने नेता-नौकरशाह, उनके परिवार वाले वहां इलाज के लिए जाते हैं, कितने महानुभावों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं? सर्वे करा लीजिए। नेताओं के बाइट लेने वाले पत्रकार ऐसे मुश्किल सवाल प्रेस सम्मेलनों में नहीं पूछते। दिल्ली के ट्रांस्पोर्ट मंत्री हैं कैलाश गहलोत। पूछिये उनसे, साल में कब आम शहरी की तरह पब्लिक ट्रांसपोर्ट से यात्रा की हैं? स्वच्छ हवा के लिए संजीदा पर्यावरण मंत्री गोपाल राय से भी पूछ लीजिए। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस्तेमाल पर खूब बयान दिया है। गोपाल राय एआईएसएफ के छात्र नेता रह चुके हैं। विधायक व मंत्री बनने से पहले दिल्ली की बसों में खूब सफर किया होगा। अब न सेहत इजाजत देती, न स्टेटस। फिर ऐसे विज्ञापन क्या केवल उपदेश देने के लिए है? आप इलेक्ट्रिक और बैट्री बसों की फ्लीट ला रहे हैं, अच्छी बात है। सुधारिये वायु की गुणवत्ता। मगर टूटी सड़कें, बस चालन के दौरान अराजकता ठीक करने की जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते? कैसे हो लोगों का रोड ट्रांसपोर्ट पर भरोसा?

एक सच तो स्वीकार कीजिए कि दिल्ली मैट्रो जैसी व्यवस्थित डीटीसी की सेवाएं अब भी नहीं हो पाई है। और शायद कभी हो भी ना। बसों में फोकट में चढ़ने वालों की भीड़, और अंदर ड्राइवर से लेकर कंडक्टर तक की अकड़, उनकी बदतमीजी आये दिन लोग कैसे झेलते-बर्दाश्त करते हैं, मंत्री जी को नहीं पता। दिल्ली की बसों में मार्शल नामक पक्षी की नियुक्ति सरकार ने कर रखी है, उसकी भूमिका भी कभी चेक कर लिया करो केजरीवाल जी। चलती बस में उसके सामने ऊटपटांग हरकतें होती रहती हैं, मार्शल मुंह फेर कहीं और व्यस्त दिखता है। बसों में मालूम नहीं कितने सीसीटीवी काम कर रहे? हवा-हवाई घोषणाएं। इन दिनों एक नया फैशन दिल्ली की सरकारी बसों में चल पड़ा है, एक दरवाजा खुलता है, पैसेंजर उसी से चढ़े, और उतरे। कह नहीं सकते, यह जेबकतरों की सुविधा के वास्ते है, या फिर ट्रांसपोर्ट मंत्री ने ऐसा आदेश दे रखा है? ड्राइवर से पूछिए, वह लड़ने को तैयार मिलेगा। प्रश्न यह है कि जनसुविधाएं सही चल रही है, इसे समय-समय पर चेक क्यों नहीं करते? मीडिया वालों को फुर्सत नहीं कि सप्ताह में एक दिन खामोशी से दिल्ली की बस सुविधाओं का स्टिंग करें। सड़क परिवहन सुविधाओं की अराजक स्थिति की सबसे बड़ी वजह मानिटरिंग का नहीं होना है। आज भी किसी-किसी रूट पर लोग घंटों बसों के इंतजार में खड़े मिलते हैं। दिल्ली मेट्रो में मालूम तो होता है, अगली गाड़ी कितनी देर में आ रही है। बस स्टॉप पर वाहनों के आगमन की सूचना स्क्रीन नहीं डालेंगे, केवल यूरोप की आधी-अधूरी नकल करेंगे। इन दिनों दिल्ली के रेड लाइट पर युवा तख्ती लेते प्रदूषण बचाओ अभियान का हिस्सा बनाये गये हैं। जागरूकता के लिहाज से अच्छा कदम है, मगर क्या ये पूरी ड्यूटी चौकसी से कर रहे होते हैं? दुम टेढ़ी की टेढ़ी है। कोई नहीं चेक करने वाला कि चौराहे पर तख्ती कंधे से टिकाये, वो मोबाइल फोन पर कहां लगे हुए हैं। बस दिहाड़ी बननी चाहिए। या यह उम्मीद कि कुछ समय बाद दिल्ली सरकार में नौकरी पक्की हो जाएगी। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जिस पांडव नगर इलाके में रहा करते थे, वहां एक संजय झील है। इस झील से गुजरती केवल तीन सौ फीट लंबी एक सड़क विगत तीन साल में तैयार नहीं हो सकी। चुनांचे, 'वन वे रोड से टू वे ट्रैफिक' विश्व के सबसे स्मार्ट सिटी में बदस्तूर जारी है। इससे भी बदतर रोड कंडीशन लक्ष्मी नगर के विकास मार्ग पर है। चकाचक दुकानों तक पहुंचने के वास्ते पथरीले, ऊबड़-खाबड़ रोड से गुजरिये। 'नजर हटी, और दांत टूटी' वाले जोखिम से भरा विकास मार्ग। पता नहीं किसने, और क्या सोच कर नाम रखा, 'विकास मार्ग'? पूर्वी दिल्ली में किसी भी सड़क से गुजर जाएं, बिजली व केबल तारों के जाल को देखकर दिमाग घूम जाता है। नेतागण चाहते, तो सिसोदिया जी के इला$के में अवस्थित संजय झील को अत्याधुनिक एम्यूजमेंट वाटर पार्क में परिवर्तित कर सकते थे। प्राकृतिक झील का इतना बड़ा इलाका पूरी दिल्ली में ढूंढे से नहीं मिलेगा। यहां कई सारे बिजनेस काम्प्लेक्स, बारात घर, पूल साइड पार्टी वाले लोकेशंस बन सकते थे। इस जगह के कायाकल्प के साथ-साथ करोड़ों रुपये की बारिश हो सकती थी। लाखों रोजगार का सृजन हो सकता था। इतनी मोटी सी बात पूर्वी दिल्ली के मंत्री, 'ईस्ट देल्ही प्रीमियर लीग' कराने वाले सांसद गौतम गंभीर, दिल्ली के टाउन प्लानरों की समझ में नहीं आती, तो इसे दुर्भाग्य के अलावा क्या कहेंगे? यह सिर्फ एक इलाके का नजीर है, आप पूरी दिल्ली की परिक्रमा करें, बेतरतीब विकास के सैकड़ों उदाहरण मिलेंगे। आप इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रास्ते महिपालपुर के अंदर वाली लेन से गुजर लें, या फिर दिल्ली विश्वविद्यालय का इलाका, पंजाबी बाग, द्वारका दर्शन कर लें, उधर भी हालत अच्छी नहीं है। वास्तविक विकास कहीं हुआ है, तो वह है, लुटियन जोन। बिन मांगी सुविधाएं भी सबसे पहले लुटियन वालों को ही मिलती है, चाहे प्रदूषण कम करने के वास्ते कृत्रिम बारिश हो, या मच्छर भगाओ फागिंग मशीन। लुटियन से चाणक्यपुरी, जोरबाग, सफदरजंग इंक्लेव, सुप्रीम कोर्ट या राजघाट से गुजरेंगे, यूरोप वाली फीलिंग आयेगी। ये वीवीआई मूवमेंट वाले इलाके हैं, चुनांचे यहां के बस स्टॉप भी साफ-सुथरे दिखेंगे। बाकी दिल्ली वाली बसावट, वही 'गांधी क्लास'। पुरानी दिल्ली के दरीबा, बल्ली मारान, सदर बाजार चले जाएं, उसे न तो सत्तर साल वाला शासन सुधार पाया, न सात साल वाला। 1484 वर्ग किलोमीटर में बसी दिल्ली का लगभग आधा हिस्सा, यानी 783 वर्ग किलोमीटर देहात है, वहां खूब आधुनिक मकान बने। दिल्ली देहात में किराये से धन बरसता है, मगर एक धेला हाउस टैक्स के मद में नहीं मिलता। ढाई करोड़ की आबादी वाली दिल्ली, टोकियो और जकार्ता के बाद तीसरे नंबर पर दुनिया की सबसे घनी आबादी वाला नगर है। 2194 वर्ग किलोमीटर में बसे टोक्यो की आबादी दिल्ली से पौने दो गुना अधिक है, मगर वहां की टाउन प्लानिंग व नगरीय व्यवस्था, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को कोई अराजक व बेतरतीब नहीं कह सकता।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने बताया, ऋषभ पंत की गाबा में खेली गई पारी क्यों है सबसे बेस्ट

**नई दिल्ली।** गाबा में ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को हराना आसान नहीं है। एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार जीत इसकी पुष्टि भी करती है। साल 2021 की शुरूआत में भारत ने गाबा में एतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत में ऋषभ पंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

उन्होंने चौथी पारी में नाबाद 89 रन बनाए। भारत ने उनकी पारी की बदौलत 329 रन का लक्ष्य हासिल किया और तीन विकेट से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने इंग्लैंड के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए पंत की पारी को किसी भी दौरा करने वाली टीम की बेस्ट इनिंग बताया। हॉग ने कहा,'पंत की गाबा में खेली गई पारी मेरे द्वारा देखे गए दबाव में



खेली गई सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारियों में से एक थी। ये शानदार थी। ये जबरदस्त थी और इसने ऑस्ट्रेलिया के अटैक को तहस नहस कर दिया था। लेकिन जब मैं अभी इस टेस्ट मैच को देखता हूं, तो रूट और मलान ने इंग्लैंड को वापस मैच में लाने के लिए फाइट की और इंग्लैंड को मौका दिया कि वो बोर्ड पर इतना स्कोर खड़ा करे कि ऑस्ट्रेलिया को परेशानी में लाएं। मुझे लगा कि ये पारी भी मुकाबले के लिहाज से शानदार थी। मालन और रुट स्पेशल थे लेकिन पंत ने जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया का सफाया किया और नाबाद 89 रन बनाए। ये अब तक की बेस्ट पारी थी, जो मैंने गाबा में दौरा करने वाली टीम की तरफ से देखी है। ब्रिसबेन टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी 147 रनों पर सिमट गई और दूसरी पारी में वो 297 रन ही बना सके। रूट की 89 और डेविड मलान की 82 रनों की पारी के बावजूद इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया को जीतने के लिए 20 रन का आसान लक्ष्य दे पाई। मेजबान टीम ने इसे एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। वहीं भारत 33 सालों में ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया को हराने वाली पहली टीम बनी थी। गाबा में मैन ऑफ द मैच हासिल करने वाले पंत की ये खास पारी थी।

# बांग्लादेश की 2 महिला क्रिकटरों को हुआ ओमिक्रॉन, जिम्बाब्वे से लौटी थीं वापस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जाहिद मालेक ने शनिवार को कहा कि जिम्बाब्वे से आई दो महिला क्रिकेटर कोरोना वायरस के नए और खतरनाक स्वरूप ओमिक्रॉन से संक्रमित पाई गई हैं। जाहिद ने एक बयान में कहा,' इन्हें ठीक होने में समय लगेगा और प्रोटोकॉल के मुताबिक हम उन्हें दो हफ्ते तक निगरानी में रखेंगे और पूरी तरह से ठीक होने के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा।

हम उनके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग कर रहे हैं और उन सभी का टेस्ट किया गया है जो उनके करीब आए थे। गौरतलब है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने छह दिसंबर को आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2022 के क्वालीफायर टूनार्मेंट में भाग



लेने के बाद जिम्बाब्वे से स्वदेश लौटी महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद टीम के क्वारंटीन को बढ़ा दिया था। इस बीच बांग्लादेश सरकार द्वारा अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों पर नए नियम लागू होने के बाद महिला टीम के सदस्यों को क्वारंटाइन से गुजरना पड़ा, जहां अब दो खिलाड़ी कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित पाए गए हैं।

बीसीबी की महिला विंग के अध्यक्ष नादेल चौधरी ने पुष्टि की है कि महिला टीम, जिसके पहले छह दिसंबर को टीम होटल छोड़ने की उम्मीद थी, उसे अनिवार्य क्वारंटाइन पांच दिवसीय को पूरा करने के बाद एक और 14 दिवसीय क्वारंटाइन से गुजरना होगा।

## अमेरिका ने भी बदला वनडे का कप्तान, भारतीय मूल के क्रिकेटर को मोनांक पटेल को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी क्रिकेटर मोनांक पटेल को अमेरिका की वनडे क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। मोनांक सौरभ नेत्रवलकर की जगह पर यह जिम्मेदारी संभालेंगे। सौरभ ने दो महीने पहले टी-20 कप्तानी भी छोड़ दी थी और तब भी उनकी जगह पर मोनांक को टी-20 कप्तानी सौंपी गई थी। अमेरिकी क्रिकेट की ओर शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इसकी घोषणा की है, हालांकि इसमें यह नहीं बताया गया है कि क्या सौरभ अपनी मर्जी से पद छोड़ रहे हैं, जैसा कि उनके अक्टूबर में टी-20 कप्तानी छोड़ने के वक्त हुआ था।

अमेरिकी क्रिकेट के सूत्रों के मुताबिक वर्ल्ड कप लीग दो में लंबे समय तक निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता पिछले कुछ समय से सौरभ की जगह किसी अन्य पर नजर रख रहे थे, इसलिए यह अटकलों का विषय है कि क्या सौरभ ने खुद चयनकताओं को छोटे फॉर्मेट में अपने कर्तव्यों से मुक्त होने के लिए कहा। सौरभ ने मोनांक को वनडे कप्तान बनाए जाने के बाद एक बयान में कहा, 'मुझे ओमान में क्वालीफाइंग डिवीजन तीन के अनमोल पलों के लिए एक लीडर के रूप में अमेरिका का प्रतिनिधत्वि करने पर गर्व है। इसके अलावा नामीबिया में ऐतिहासिक वनडे जीत, फ्लोरिडा में काफी डब्ल्यूसीएल मैच जीतना और सुपर 50 टूनार्मेंट में मजबूत टीमों के खिलाफ जीत मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है। यह टीम मेरे दूसरे परिवार की तरह है। हमने जहां से शुरूआत की थी, वहां से हम काफी आगे बढ़ चुके हैं।' पूर्व वनडे कप्तान सौरभ ने कहा, 'मैं मुख्य रूप से टीम में एक सीनियर तेज गेंदबाज के रूप में अपनी भूमिका पर फोकस करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं मोनांक और आरोन को अपनी शुभकामनाएं और पूर्ण समर्थन देना चाहता हूं और मुझे विश्वास है कि हम सभी मिलकर इस टीम को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाएंगे। भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2023 में खेलना हमारा सपना है और हम इसे साकार करने की पूरी कोशिश करेंगे।

# बीसीसीआई पर भड़के पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट, बोले- विराट कोहली का करना चाहिए था सम्मान

**नई दिल्ली।** विराट कोहली को बीसीसीआई ने बुधवार को टीम इंडिया के वनडे कप्तान पद से हटा दिया है। एक महीने पहले रोहित शर्मा को टी-20 की कप्तानी देने के बाद उन्हें इस हफ्ते वनडे टीम का कप्तान भी बना दिया गया। पिछले महीने रोहित की अगुवाई में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को टी-20 सीरीज में 3-0 से धोया था। टी-20 वर्ल्ड से पहले ही कोहली ने टी-20 इंटरनेशनल की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। इसे लेकर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने अपनी राय व्यक्त



की। उन्होंने विराट से वनडे कप्तानी वापस लेने को कहकर कहा कि बीसीसीआई इसे बेहतर तरीके से संभाल सकता है।

बट ने अपने ऑफिशियल यू ट्यूब चैनल पर कहा,'बीसीसीआई नहीं चाहता था कि कोहली (टी-20 वर्ल्ड कप से पहले) पद छोड़ें। लेकिन सफेद गेंद के फॉर्मेट के लिए दो अलग-अलग कप्तानों का होना ज्यादा मायने नहीं रखता। इस स्थिति में कोई पीड़ित पक्ष नहीं होता को बेहतर होता।' उन्होंने आगे कहा,'इस घोषणा के बाद खबरें आईं कि कोहली को पद छोड़ने के लिए दो दिन का समय दिया गया था और इससे पता चलता कि उनके पास कितना अधिकार है। आपको यह देखना होगा कि उन्होंने अपने देश के लिए क्या किया है। इसे और सम्मानजनक होना चाहिए था। आपके पास एक तरफ आपका क्रिकेट बोर्ड है, और दूसरी तरफ दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक।

# क्रिकेट अब खेल जगत का महत्वपूर्ण खेल : नीता धनगर

**अखंड भारत संदेश**

## भाजपा नेत्री ने गजपुरा में क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर किया उदघाटन

**किशनी।** विकास खंड क्षेत्र के गांव गजपुरा में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।शुक्रवार को मुख्य अतिथि धनगर निखर एकता मंच की प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीता धनगर ने टूनार्मेंट का फीता काटकर एवं पारी खेलकर शुभारंभ किया।भाजपा नेत्री नीता धनगर ने कहाकि क्रिकेट अब खेल जगत का एक महत्वपूर्ण खेल है क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन से ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं निखर कर आती हैं।वहीं एडवोकेट अनिल प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर युवाओं को एकजुट होने का आह्वान किया।इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान,कमेटी अध्यक्ष किशन भदौरिया,विकास चौहान,विवेक पाल,राहुल धनगर,पप्पू मस्ताना,सूर्य प्रताप सिंह चौहान,ब्रजकिशोर,डॉ.धर्मेंद्र पाल,शैलेश पाल,राहुल बघेल,भूरी सिंह बघेल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न ने चुने मौजूदा समय के टॉप 5 टेस्ट बल्लेबाज, भारतीय खिलाड़ी को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के महान स्पिनर शेन वॉन ने मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट के अपने पांच पसंदीदा टेस्ट बल्लेबाजों को चुना है। शेन वॉर्न की इस लिस्ट में भारत के टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली को भी जगह मिली। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के 2 बल्लेबाज हैं। इसके अलावा वॉर्न ने इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और भारत के एक-एक खिलाड़ी को चुना है। वॉर्न ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को अपनी लिस्ट में टॉप पर रखा है। स्मिथ के नाम टेस्ट क्रिकेट में 7000 से अधिक रन हैं। उन्होंने कहा कि सभी परिस्थितियों में वो सभी गेंदबाजों



के खिलाफ शानदार रहे हैं।

वॉर्न ने दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और बल्लेबाज जो रूट को रखा है। ये साल उनके लिए शानदार रहा है। इस दौरान उन्होंने 6 सेंचुरी जड़ी है। उन्होंने इस साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में लगातार तीन शतक लगाए थे। वॉर्न ने तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को रखा है। वो इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे कामयाब बल्लेबाजों में से एक हैं। उनकी अगुवाई में कीवी टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का पहला खिताब जीता था।

वॉर्न ने चौथे नंबर विराट कोहली को रखा है। वॉर्न ने हालांकि ये भी माना है कि विराट का प्रदर्शन इन दिनों काफी गिरा है। लेकिन वो अभी भी वो टॉप 5 में जगह बनाने के लिए अच्छे हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ने ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन को टॉप 5 में रखा है। लाबुशेन लंबे समय तक क्रीज पर रहने के साथ-साथ आक्रामक शॉट भी खेल सकते हैं। 19 टेस्ट में वो लगभग 2000 रन बना चुके हैं।

**शोएब अख्तर ने बताया**

# एशिया कप 2018 में हार्दिक पांड्या को देखकर क्यों चौंके और क्या दी थी सलाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने 2018 एशिया कप में पाकिस्तान के साथ भारत के मैच से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ अपनी मुलाकात को याद किया।

उन्होंने खुलासा किया कि वह पाड्या के दुबले-पतले फिगर को देखकर चौंक गए थे और उन्होंने उन्हें चोट को लेकर चेतावनी दी थी। थोड़ी देर बाद उन्हें चोट की वजह से मैदान से बाहर ले जाया गया। एशिया कप 2018 में



पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप मैच में हार्दिक को 18वें ओवर में गेंदबाजी करते समय चोट लग गई थी। उन्हें फॉलो-थ्रू के दौरान अपनी पीठ को पकड़ते हुए देखा गया और फिर वो मैदान में लेट गए। इसके बाद उन्हें क स्ट्रेचर द्वारा तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। बीसीसीआई ने इसकी वजह उनके पीठ के निचले हिस्से में गंभीर चोट को बताया था। आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए अख्तर ने कहा,'मैंने दुबई में बुमराह से कहा, यहां तक की हार्दिक पांड्या से भी। मेरे कंधो की पीछे की मांसपेशियां अभी भी इतनी मजबूत हैं। लेकिन वे(हार्दिक) इतने दुबले दिख रहे थे। मैं हैरान हो गया था।

# चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज ने खेली एक और धमाकेदार पारी, ठोका लगातार तीसरा शतक

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ का विजय हजारे ट्रॉफी 2021 में भी बल्ले के साथ धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को केरल के खिलाफ खेले गए मुकाबले में महाराष्ट्र के कप्तान गायकवाड़ ने 110 गेंदों पर अपना लगातार तीसरा शतक ठोका। गायकवाड़ ने 129 गेंदों पर नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 124 रनों की पारी खेली। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र ने आठ विकेट पर 291 रन का स्कोर बनाया। हालांकि उनकी इस पारी के बावजूद टीम को चार विकेट से



हार का सामना करना पड़ा।

गायकवाड़ ने इससे पहले, मध्य प्रदेश के खिलाफ भी 112 गेंदों पर 136 रन बनाए थे, जिसमें उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के जड़े थे। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 154 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। उन्होंने इस दौरान 143 गेंदों पर 14 चौके और 5 छक्के लगाए थे। टूनार्मेंट में महाराष्ट्र को पहली हार मिली है। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया को तीन वनडे खेलने हैं और वनडे सीरीज के लिए अभी टीम का चयन नहीं हुआ है। ऐसे में गायवाड़ के पास अपनी दावेदारी पेश करने का मौका है।

गायकवाड़ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं। सीएसके की टीम ने आईपीएल 2022 के लिए उन्हें रिटेन किया है। गायकवाड़ ने आईपीएल 2021 में भी उन्होंने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम किया था।

## पति से फोन पर विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम, पत्नी ने कुएं में कूदकर दी जान

**भदोही।** जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के खानापुर (मऊरामशाला) गांव में शुक्रवार की रात पति से कहासुनी के बाद महिला ने कुएं में छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस के अनुसार, मऊरामशाला गांव निवासी कमलेश यादव की शादी 2006 में उषा देवी के साथ हुई थी। उसका मायका प्रयागराज के बरौत में है। कमलेश के पिता सीताराम यादव ने बताया कि उनका बेटा मुंबई में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। शुक्रवार की रात मोबाइल पर उसकी बहू से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई।

# पांच बीएलओ पर दर्ज होगा मुकदमा, 12 को नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग न करने और नोडल के साथ नकारात्मक रवैया अपनाने के आरोप में सदर तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को पांच बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही 12 को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। उप जिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रार प्रियंका प्रियदर्शिनी ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम गत नवंबर से शुरू कराकर दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक पूरा कराने के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, नोडल की तैनाती की गई है। पुनरीक्षण कार्यक्रम में असहयोगात्म रुख अपनाकर आंगनबाड़ी अनंती देवी बूथ भाग संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय धनापुर, सुशीला मौर्या बूथ भाग संख्या 234 प्राथमिक विद्यालय मैलौना, सहायक अध्यापक सुरेशचंद्र पांडेय बूथ भाग संख्या 104 प्राथमिक विद्यालय बलीपुर, मोहनलाल बूथ भाग संख्या 123 प्राथमिक विद्यालय पूरेविश्वनाथ, गीता पाल बूथ भाग संख्या 276 मातासेवक माध्यमिक विद्यालय बैरीबीसा ने प्रपत्रों को प्राप्त करने के बाद भी जमा नहीं किया है इनके खिलाफ निर्वाचन आयोग की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज को निर्देश दिया है। वहीं, बूथों पर अनुपस्थित रहने के आरोप में रोजगार सेवक नागेश कुमार शुक्ला, शिक्षामित्र संतोष कुमार, आंगनबाड़ी सुधा देवी, सहायक अध्यापक गीता पाल, आंगनबाड़ी मीनू गुप्ता, मधु श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक उमाशंकर केशरवानी, आंगनबाड़ी चंदादेवी, रोजगार सेवक महेश मौर्य, सहायक अध्यापक अंजू देवी, आंगनबाड़ी गीता देवी, अनुदेश राजेश कुमार बिंद के खिलाफ संबंधित विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी कार्यवाही की संस्तुति की गई है।

## कोरोना की वैक्सीन लगवाएं, सतर्कता भी बरतें



**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** कलेक्ट्रेट के कोविड कंट्रोल रूम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मोहल्ला निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें कोविड के नये वैरियंट ओमिक्रॉन को लेकर सतर्कता बढ़ने का निर्देश अधिकारियों को दिया। अपील की गई कि लोग वैक्सीन लगवाएं साथ ही सतर्कता भी बरतें। डीएम ने लोगों से आग्रह किया कि घर से बाहर निकलते समय मॉस्क पहनें, सैनिटाइजर का उपयोग करें, साबुन से बार-बार हाथ धोएं और सामाजिक दूरी का पालन करें। विदेश से कोई व्यक्ति अगर आया हो और उसमें सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण हो तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, बीडीओ या एसडीएम को सूचना दें। विदेश से यात्रा कर आए व्यक्ति को कम से कम 14 दिनों का होम क्वारंटीन कराएं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि जिन लोगों को वैक्सीन नहीं लगी हैं।

# आयकर दाताओं और विभाग के बीच कड़ी हैं सीए

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** अपर आयकर आयुक्त रेंज-1 वाराणसी लियाकत अली अफाकी ने कहा कि चारटर्ड एकाउंटेंट्स और टैक्सेशन अधिवक्ता आयकर विभाग और आयकर दाताओं के बीच की कड़ी हैं। आयकर दाताओं की समस्याओं को वे विभाग के सामने रखें ताकि उनका निदान किया जा सके। वह शुक्रवार को एक प्रतिष्ठान सीए एसोसिएशन और टेक्सेशन बार के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि व्यवसायी, कालीन निर्यातक देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। कोविड-19 से प्रभावित बाजार धीरे धीरे लगभग पटरी पर आता दिख रहा है। सभी सीए और टैक्सेशन अधिवक्ताओं से अपेक्षा है कि 15 दिसंबर से पहले पहले अग्रिम कर की तीसरी किश्त जमा कराने में सहयोग करेंगे।

उन्होंने लोगों को बताया कि जिन लोगों ने रिटर्न फाईल नहीं किया है उन्हें प्रेरित करें और समय से वर्ष 2020-21 का रिटर्न फाईल कराने में सहयोग करें।

इसके पूर्व भदोही सीए एसोसिएशन की ओर से सुहैल अतहर ने स्वागत किया। सीए आफताब आलम, आरसी त्रिपाठी, आरएम शुक्ला, समरजीत यादव, धर्मराज मौर्या, अंकुश ठुकराल, के.आनंद, बीडी यादव, फिरोज अख्तर, राजेश गुप्ता, मुलायम यादव आदि ने अपने सुझाव रखे। कई लोगों ने आटीआर पोर्टल को और बेहतर बनाने की बात कही। इसके पूर्व शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे स्टेशन रोड स्थित आयकर कार्यालय से साईकिल यात्रा निकाली गई। जो मोढ़ रोड पर पांच किमी तक जाकर वापस आयकर कार्यालय आकर समाप्त हुई। पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार ने झंडी दिखा कर साईक्लिस्टों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इससे दो काम हो रहा है एक स्वास्थ्य ठीक बना रहेगा दूसरा लोगों को अग्रिम कर के लिए जागरूक भी कर रहे होंगे। साईकिल चलाने वालों में मुख्य रूप से अपर आयकर आयुक्त के अलावा साईक्लिस्ट उत्कर्श वर्मा, उप आयकर आयुक्त गोपीनाथ चौबे, आटीओ सुब्रतो गुप्ता व रवि मेहता, आयकर इंस्पेक्टर देवेंद्र दूबे, सीए सुहैल अतहर, शाहिद जमाल, ब्रजेश यादव आदि शामिल रहे।

## हॉस्टल में छात्रों के बीच मारपीट, एक छात्र घायल, तीन पर रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** एक शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में छात्रों के दो गुटों में मारपीट के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। मारपीट में घायल छात्र की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। हालांकि मारपीट की यह घटना चार दिन पुरानी है।

भदोही जिले के घोसिया बाजार निवासी अमन बरनवाल एक शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में रहता है। वह बीटेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उसकी क्लास में अमितेश और आयुष भी पढ़ते हैं। छह दिसंबर को तीनों छात्रों का साथी विदित, दिव्यांश राज सिंह और आशीष से बैठने वाली सीट को लेकर झगड़ा गया था। मौके पर मौजूद शिक्षक ने झगड़े को शांत करा दिया था।

# उत्तर प्रदेश में नया युग लाएगी समाजवादी सरकार, युवाओं को देंगे रोजगारः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** अखिलेश ने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश बदलाव चाहता है। उत्तर प्रदेश में परिवर्तन हो, उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादियों की ओर देख रही है, समाजवादी पार्टी का लगातार प्रयास रहा है लोगों को जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं।

इन सबके बीच अखिलेश यादव ने बेरोजगारी और रोजगार को लेकर योगी सरकार पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने युवाओं को रोजगार देने का भी वादा किया है। एक संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि जो बेरोजगारी और नौकरी का सवाल है, समय बदला है इसलिए सरकारों को भी काम करने का तरीका बदलना पड़ेगा। समाजवादी सरकार उत्तर प्रदेश में नया युग लाएगी...



गांव के गरीब बच्चों की पढ़ाई का स्तर कैसे बेहतर किया जाए, इसपर हम काम करेंगे। जो बेरोजगारी और नौकरी का सवाल है, समय बदला है इसलिए सरकारों को भी काम करने का तरीका बदलना पड़ेगा। समाजवादी सरकार उत्तर प्रदेश में नया युग लाएगी... गांव के गरीब बच्चों की पढ़ाई का स्तर कैसे बेहतर किया जाए।अखिलेश ने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश बदलाव चाहता है। उत्तर प्रदेश में परिवर्तन हो, उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादियों की ओर देख रही है, समाजवादी पार्टी का लगातार प्रयास रहा है लोगों को जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बड़े-बड़े सपने सबको दिखाए और कहा कि 2022 तक किसानों की आय दुगनी हो जाएगी। 2022 आने वाला है भारतीय जनता पार्टी यह बताएं किसानों की आय दोगुनी कब होगी? उत्तर प्रदेश में पिछले साढ़े 4 सालों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है और 5 साल पूरे होने जा रहे हैं। अभी तक भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र उठाकर नहीं देखा है। सपा प्रमुख ने कहा कि इन्वेस्टर मीट के बहाने जहां उनको बड़े-बड़े सपने दिखाए गए थे, कम से कम सरकार अब चुनाव में जा रही है भाजपा बताए जो शिलान्यास किया गया, एमओयू साइन हुए थे वे 4 साल में कितने पूरे हो गए हैं? लखनऊ में इन्वेस्टमेंट मीट हुई थी और इन्वेस्टर मीट में यह कहा गया था कि करोड़ों रुपए का एमओयू हुआ है। आज सरकार बताए कि कितने जमीन पर एमओयू उतरे हैं?

## सीडीएस की निधन से देश शोक में डूबा, प्रियंका कर रहीं डांस, अमित मालवीय ने राहुल को भी घेरा

**नई दिल्ली।** भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका पर करारा वार किया है। अमित मालवीय ने लिखा है कि जब देश सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर शोक में डूबा हुआ था, प्रियंका गांधी गोवा में डांस कर रही थीं। इसके साथ उन्होंने एक वीडियो भी ट्वीट किया है। अमित मालवीय ने अपने ट्वीट में दावा किया है कि जब 26/11 का हमला हुआ था, उस दिन सुबह काफी देर तक राहुल गांधी पार्टी करते रहे थे। इसके आगे उन्होंने लिखा है कि अपने भाई की ही तरह प्रियंका गांधी भी गोवा में डांस कर रही हैं। वह भी एक ऐसे वक्त में जब पूरा देश सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर शोक में डूबा हुआ है। जनरल रावत का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

अमित मालवीय ने आगे लिखा है कि क्या इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ हो सकता है?

गौरतलब है कि शोक में डूबे राष्ट्र ने नम आंखों से प्रमुख रक्षा





अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत को शुक्रवार को अंतिम विदाई दी। दिल्ली छावनी स्थित बरार स्क्वेयर अंत्येष्टि स्थल पर जनरल रावत और उनकी पत्नी के पार्थिव शरीर को उनकी बेटियों ने एक ही चिता पर मुखाग्नि दी। बुधवार को, तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एक एमआई17वी5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से जनरल रावत (63), उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य सैन्यकर्मियों का निधन हो गया था। बता दें कि प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को गोवा में लोक कलाकारों से मुलाकात की। प्रियंका ने अपने कार्यक्रम की विभिन्न तस्वीरें भी ट्वीट की हैं। एक ट्वीट में उन्होंने एमीलिया फर्नांडिस नाम की लोक कलाकार से मिलने का जिक्र किया है। प्रियंका ने लिखा है कि मोरपिला में एक शानदार लोक नृत्य कलाकार एमीलिया फर्नांडिस से मुलाकात हुई। उनके साथ खाना खाते वक्त संस्कृति, लोकनृत्य व गांव की हरियाली से जुड़ी ढेर सारी बातें की। एमीलिया मेरी दादी स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी व मेरे पिता स्वर्गीय राजीव गांधी से भी मिल चुकी हैं।

## प्रशांत किशोर का राहुल पर तंज, बोले- ट्वीट और कैंडिल मार्च से भाजपा को हराना मुश्किल, पीएम मोदी की भी तारीफ



**नई दिल्ली।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस पार्टी पर फिर जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बिना भी भारत में विपक्ष संभव है। पीके ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि अगर पार्टी को बचाना है तो गांधी परिवार से बाहर के किसी नेता को लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष चुनें।साथ ही उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए यह भी कहा है कि एक ट्वीट और कैंडिल मार्च के जरिए आप भाजपा को हरा नहीं सकते हैं। एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने 2024 के आम चुनावों में विपक्ष के लिए भाजपा से मुकाबला करने के लिए अपना ब्लू प्रिंट भी पेश किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के बिना भाजपा विरोधी मोर्चा बनाना संभव है। प्रशांत किशोर ने कहा कि 1984 के बाद कांग्रेस को अकेले एक भी लोकसभा चुनाव में जीत मिली है। बीते दस साल में कांग्रेस को 90 प्रतिशत चुनावों में हार मिली है। कांग्रेस नेतृत्व को हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पीके ने कहा कि मैं लगभग कांग्रेस जॉइन कर लिया था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह सभी की सुनते हैं। यही उनकी ताकत है। उन्हें पता है कि आखिर लोगों को क्या चाहिए। पीके ने यह भी कहा कि अगले कुछ दशकों तक भाजपा के इर्द-गिर्द ही देश की राजनीति घूमेगी। आपको बता दें कि प्रशांत किशोर इन दिनों ममता बनर्जी के लिए चुनावी रणनीति बना रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए इसके अलावा नीतीश कुमार, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, एम.के. स्टालिन, जगन मोहन रेड्डी, अरविंद केजरीवाल और कैप्टन अमरिंदर सिंह के लिए भी चुनाव रणनीति बनाए हैं।

# क्यों जनरल बिपिन रावत ने कहा था भारत के सामने 'ढाई मोर्चे का युद्ध', परसेप्शन की जंग में भी माहिर थे सीडीएस

**नई दिल्ली।** किसी भी देश का रणनीतिक-विमर्श कुछ मुहावरों से संचालित होता है। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान में चल रही रणनीतिक चचाओं में आजकल 'फिफ्थ जनरेशन वारफेयर' नया मुहावरा बना हुआ है। अमेरिका का नया मुहावरा 'पॉलिटिकल वारफेयर' है। अमेरिका को लगता है कि रूस और चीन चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर उसके नीति-निर्णय की क्षमता को प्रभावित करना चाहते हैं। चीन का मुहावरा 'इंडो-पैसिफिक' है। चीनी मानते हैं कि अमेरिका उन्हें उनके द्वार पर ही उलझाकर रखना चाहता है। तो हर देश के अपने मुहावरे हैं। ये मुहावरे देश की रणनीतिक प्राथमिकता को बताते हैं और उसकी सोच के निचोड़ को दशार्ते हैं।

बड़ी और प्रभावी सैन्य शक्ति होने के बावजूद भारत पिछले कई दशकों में कोई नया रणनीतिक-मुहावरा विकसित नहीं कर पा रहा था। इस कारण भारतीय रणनीति प्रतिक्रया देने तक सीमित रह गई थी। कई बार तो प्रतिक्रया भी नहीं दर्ज होती थी, किसी भी तरह एडजस्ट करने की मानसिकता हावी हो गई थी। इस कमी को पहले सेनाध्यक्ष और बाद में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में जनरल



बिपिन रावत ने दूर किया। उनके पास नए रणनीतिक-मुहावरे थे और उसे सार्वजनिक रूप से कहने का साहस भी था। उनके मुहावरे बदलती दुनिया के यथार्थ को सटीक ढंग से अभिव्यक्त कर सकने में सक्षम थे। उन्हें 'ढाई मोर्चे के युद्धह्व के मुहावरे का प्रयोग किया। गोली न चलाने और बाद में गोली न गिनने का मुहावरा दिया। चीन को बड़ा खतरा बताया।

उनके द्वारा उपयोग में लाया गया 'ढाई मोर्चे का युद्धह्व अब एक ऐसा प्रतिनिधि मुहावरा बन गया है, जो अगले कई दशकों तक भारतीय रणनीतिक-जगत को प्रभावित करता रहेगा। रणनीतिक जगत में यह बात सभी जानते थे कि भारत में रह रहे कुछ विशिष्ट वैचारिक समुदाय ही भारतीय हितों को लगातार नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। ये समूह कई बार अन्य देशों के इशारे पर ऐसा कार्य करते हैं और कई बार भारत की विशिष्ट सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के प्रति हिकारत भरे दृष्टिकोण के कारण। लेकिन उनके खिलाफ बोलने के साहस जनरल बिपिन रावत के पहले किसी ने नहीं किया। उन्होंने देश के खिलाफ सक्रिय इस वैचारिक समुदाय को आधा मोर्चा बताया। और यह सार्वजनिक बयान दिया कि भारतीय सेना इन सभी ढाई मोर्चे पर लड़ने को तैयार है। सार्वजनिक तौर पर अपनी रणनीति राय व्यक्त करने की उनकी आदत से कई परम्परागत सैन्य विशेषज्ञ सहमत नहीं थे। परन्तु ऐसे विशेषज्ञ प्रायः इस बात को भूल जाते हैं कि आज के दौर में युद्ध का सबसे बड़ा मोर्चा अवबोध (परसेप्सन) है। परसेप्सन के मोर्च पर हार जाने वाले सेना अंततः युद्ध भी हार जाती है। हमास और इजराय के बीच हाल मे हुआ युद्ध इसका उदाहरण है। सैन्य मोर्चे पर इजरायल बेजोड़ था लेकिन परसेप्सन के मोर्चे पर वैसी बढ़त नहीं ले सका। इसलिए उस पर युद्ध रोकने का वैश्विक दबाव पड़ा। हमास ने बच्चों के महिलाओं के इजरायली हमलों में मरने आख्यान गढ़ा। जबकि हकीकत यह है कि उसी दौर में तालिबान ने लड़कियों के स्कूल पर हमला किया था, जिसमें 85 से अधिक लड़कियों की मौत हो गई थी, लेकिन उसकी ठीक से चर्चा भी नहीं।

तो बिपिन रावत युद्ध की प्रकृति में आए इस बदलाव के प्रति सजग थे। उन्हें परसेप्शनल फ्रंट पर युद्ध जीतने की अहमियत पता थी। इसलिए वह अपनी रणनीतिक राय को जनता के बीच लेकर चले जाते थे। वह जन अभिमत को सजग करना चाहते थे ताकि वह आधे मोर्चे के खिलाफ जनता खुद ही खड़ी हो जाए। जनता ने उनकी इस सोच को पसंद किया। उनके बलिदान के बाद भरतीय जनता जिस तरह का स्वतःस्फूर्त ढंग से श्रद्धांजलि के हर जगह उमड़ी, वह भारत के लिए बिलकुल नया था। यह दशार्ता है कि भारतीय आमजनता से 'कनेक्टह्व स्थापित करने में सफल हुए थे। उनके ढ़ाई मोर्चे के युद्ध का मुहावरा अब आम जनता अपना चुकी है। इससे भी आगे बढ़कर देशहित को नुकसान पहुंचाने वालों को 'ढ़ाई का आधाह्व कहकर उस मुहावरे को विस्तार भरी दे रही है।

# राकेश टिकैत ने झंडा दिखाकर किसानों को घर के लिए किया रवाना

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन समाप्त हो चुका है। किसानों ने दिल्ली बॉर्डर से अपना बोरिया-बिस्तरा समेटना शुरू कर दिया गया है। टेंट उखाड़े जा रहे हैं। ट्रैक्टर और ट्रकों पर सामान लादा जा रहा है। वहीं किसानों के एक दल को किसान नेता राकेश टिकैत झंडा दिखाकर रवाना भी कर चुके हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ सिंघु बॉर्डर पर हलचल... बॉर्डर से किसान झूमते-गाते हुए निकल रहे हैं। यहां का एक वीडियो सामने आया है। इसमें किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। किसान ट्रैक्टर पर सवार हैं। उनके गले में फूल-माला भी नजर आ रही है। ट्रालियों में गाना बज रहा है। एक के बाद एक ट्रैक्टर कतार में निकलते दिखाई दे रहे हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने



गाजीपुर बॉर्डर पर कहाकि लोगों ने सिंघु बॉर्डर को खाली करना शुरू कर दिया है। कल सुबह 8 बजे तक काफी इलाका खाली हो जाएगा।

## यूपी को एक और बड़ा सौगात देंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश को एक और बड़ा सौगात देंगे पीएम मोदी, इसी महीने हो सकता है अयोध्या एयरपोर्ट का शिलान्यास जानकारी के मुताबिक अलीगढ़, मुरादाबाद, आजमगढ़, श्रावस्ती तथा चित्रकूट एयरपोर्ट के उद्घाटन की भी तैयारियां की जा रही है। इन एयरपोर्ट का उद्घाटन अयोध्या एयरपोर्ट के साथ शिलान्यास के वक्त कराया जा सकता है।

## रावत को याद कर बोले पीएम मोदी- भारत रुकेगा नहीं, भारत थमेगा नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर से राज्यपाल बनाम ममता सरकार होता दिखाई दे रहा है। सीमा सुरक्षा बल के अधिकार क्षेत्र को लेकर टीएमसी और राज्यपाल जगदीप धनकड़ के बीच वार-पलटवार का दौर लगातार जारी है। इन सब के बीच एक बार फिर से जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधा है। सीडीएस जनरल बिपिन रावत को याद कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हो गए। इसके बारे में हम आपको पूरी जानकारी देंगे।

लेकिन यह भी बताएंगे कि कैसे पश्चिम बंगाल में एक बार फिर से राज्यपाल बनाम सरकार शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में थे। बलरामपुर में उन्होंने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना



का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में जनरल बिपिन रावत को याद कर भावुक हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत दुख में हैं लेकिन दर्द सहते हुए भी ह्यहम ना अपनी गति रोकते हैं और न प्रगति। मोदी ने कहा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) बिपिन रावत की मौत देश के लिए एक क्षति है। उन्होंने हेलिकॉप्टर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल देवरिया में जन्मे ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। उन्होंने कहा कि भारत के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत का जाना हर भारत प्रेमी के लिये, हर राष्ट्रभक्त के लिये बहुत बड़ी क्षति है।

## बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने के खिलाफ पंजाब सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब, पश्चिम बंगाल और असम में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर दूर तक बढ़ाए जाने के खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुकदमा शुक्रवार को रजिस्ट्रार के सामने सूचीबद्ध किया गया है, जिन्होंने अटॉर्नी जनरल के जरिए केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट में चार सप्ताह बाद इस पर सुनवाई होगी।

पंजाब सरकार और इसकी लीगल टीम को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि संघीय ढांचे और राज्यों की स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए संविधान में निहित सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए संघर्ष शुरू हो गया है। इससे पहले सिद्धू ने केंद्र के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सरकार देश के संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।

अक्टूबर में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी केंद्र के फैसले की आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार भी केंद्र सरकार के इस फैसले से नाराज है। केंद्र के ताजा फैसले से पहले बीएसएफ का क्षेत्राधिकार सीमा के 15 किलोमीटर दायरे में था। बीएसएफ को अपने अधिकार क्षेत्र में गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती का अधिकार है।

## कोरोना वायरस का इतना डर ! एक दिन में लगवा ली वैक्सीन की 10 डोज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड में एक शख्स ने एक ही दिन में कोरोना वैक्सीन के दस शॉट ले लिये। इस मामले में अब यहां स्वास्थ्य मंत्रालय ने जांच करवाने की बात कही है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यह युवक वैक्सीन लेने के लिए अलग-अलग वैक्सीन सेंटरों पर गया था। उसने वैक्सीन के डोज लेने के लिए पैसे भी दिये। न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट ने भारी तबाही मचाई थी। यहां सरकार ने ऑकलैंड में साढ़े तीन महीने का लॉकडाउन भी लगाया था। प्रधानमंत्री आर्डन ने कहा था कि सच्चाई यह है कि डेल्टा यहीं है और कहीं नहीं जा रहा। यहां प्रशासन ने नाइटक्लब, कैफे और सिनेमाघरों को पिछले महीने खोला था। ऑकलैंड में मास्क अनिवार्य किया गया था और निश्चित संख्या में ही भीड़ जुटाने की इजाजत दी गई थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बार और नाइटक्लब में जाने के लिए वैक्सीन सर्टिफिकेट को अनिवार्य बना दिया है। यहां प्रधानमंत्री ने कहा है कि दुनिया का कोई भी देश डेल्टा से पूरी तरह लड़ पाने में सक्षम नहीं है। यहां 83 प्रतिशत व्यस्क आबादी को वैक्सीन की डोज लगाई गई है। जब डेल्टा वैरिएंट पूरे जोर पर था तब ऑकलैंड में इस वेरिएंट के 150 केस मिले थे। हालांकि, इसके बावजूद यहां प्रशासन ने वैक्सीनेशन कार्यक्रमों को देखते हुए काफी छूट दी थी। पिछले साल जब महामारी शुरू हुई थी तब न्यूजीलैंड एक ऐसा देश था जहां मृत्युदर कम रही थी।

# हक मांग रहा बलोचिस्तान, ग्वादर में हजारों लोगों ने किया इस्लामाबाद के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बलोचिस्तान के ग्वादर में अधिकारों के लिए शुरू किए गए आंदोलन में लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। अब विरोध-प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी भाग ले रहे हैं। 10 दिसंबर को महिलाओं और बच्चों सहित हजारों लोगों ने ग्वादर की मुख्य सड़कों पर मार्च निकाला है। जमात-ए-इस्लामी के बलोचिस्तान महासचिव मौलाना हिदायत-उर-रहमान के नेतृत्व में ग्वादर के लोगों ने 26 दिन पहले 'ग्वादर को हक दो' आंदोलन शुरू किया था। अपनी मांगों के समर्थन में लोगों ने तख्तियां और बैनर लेकर सेरातुन-नबी चौक से अपना मार्च शुरू किया। लोगों ने बलोचिस्तान और पाकिस्तान



सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वह तब तक संघर्ष और विरोध जारी रखेंगे जब तक कि हमें हमारे अधिकार न मिल जाएं। मौलाना हिदायत ने कहा है कि यह आंदोलन बलोचिस्तान के वंचित और उत्पीड़ित लोगों का आंदोलन है जिसमें मछुआरे, गरीब मजदूर और छात्र शामिल हैं। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि उनकी सभी मांगों को स्वीकार और लागू नहीं किया जाता है। ग्वादर में हजारों बलोच लोग 26 दिनों से लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग ग्वादर के विकास के साथ ही साफ पानी की मांग कर रहे हैं। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि 70 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी हमें हमारे अधिकार नहीं दिए हैं। प्रदर्शनकारियों ने 19 मांगें रखी हैं, जिसमें समुद्र को ट्रॉलर माफिया से मुक्त करने के लिए कदम उठाना और मछुआरों को स्वतंत्र रूप से पानी में जाने की इजाजत देना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने अनावश्यक चेक पोस्ट से छुटकारा पाने और सुरक्षा के नाम पर नागरिकों का अपमान नहीं करने की भी मांग रखी है।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506